www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

18 अप्रैल 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 309, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल पक्ष - 1
विक्रम संवत् 2083

# आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का बना आधार : मुख्यमंत्री

### युगों-युगों तक याद रहेंगे आदि गुरु शंकराचार्य, मप्र की धरती ने ऐतिहासिक रूप से किया आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही है। ज्ञान और ध्यान की धरती मध्यप्रदेश ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। हर युग में इसके प्रमाण विद्यमान हैं। श्रीरामचन्द्र जी वनवास मिलने पर मंदाकिनी माता के किनारे चित्रकूट के धाम पधारें और प्रभु श्रीराम का आगे का जीवन मानव मात्र के लिए पूजनीय हो गया, समाज ने रामराज्य का अनुभव प्राप्त किया। भगवान श्रीराम ने संस्कारों, व्यवहारगत मूल्यों, परस्पर संबंधों सहित शासन के ऐसे सूत्र प्रदान किए जो आज भी महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जयिनी स्थित सांदीपनि आश्रम पधारें। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मवाद का संदेश दिया, जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है। सनातन काल में कालड़ी केरल से चले 8 वर्षीय बालक शंकर ओंकारेश्वर पधारे, जहां परम पूज्य गुरू गोविंदपाद जी के आशीर्वाद से आदि शंकराचार्य बनकर सनातन धर्म की धारा को अविरल रूप से बहाने का आधार प्रदान किया। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आचार्य शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।




### पं.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत में होती है एकात्मता के भाव की अभिव्यक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार सनातन संस्कृति के सिद्धांतों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है। चिंतक एवं विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में भी एकात्मता के भाव की अभिव्यक्ति होती है।

### एकात्म यात्रा तथा अद्वैत पर आधारित लघु फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के साथ वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। साथ ही वे वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृत सेवा फाउंडेशन पुणे के श्री रोहन अच्युत कुलकर्णी द्वारा लिखित पुस्तक 'वेदांतसिद्धान्तचन्द्रिका विथ उदग्र' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकात्म धाम की यात्रा, प्रकल्प और भावी स्वरूप पर केंद्रित वेबसाइट का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में एकात्म यात्रा तथा अद्वैत पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चार महिलाओं की मौत, 26 घायल

### श्योपुर से 4 ग्वालियर रेफर, कई गंभीर, मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे लोग

**श्योपुर (नप्र)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में गुरुवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 4 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए। इनमें से 4 लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया है।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे। मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के खितरपाल गांव का है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सरोज गुर्जर, सुनैना गुर्जर, सीमा गुर्जर और गीता राव के रूप में हुई है। ट्रैक्टर से बीरपुर थाना क्षेत्र के घूंघस गांव से विजयपुर थाना क्षेत्र के झारबडौदा गांव भात मांगने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपए और अन्य घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।



### ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला

ट्रॉली के अंदर ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। विजयपुर से 3 किलोमीटर पहले खितरपाल गांव के पास ट्रैक्टर अनबैलेंस हो गया। इससे ट्रॉली पलट गई। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया।

घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद लोगों ने क्रेन का इंतजार नहीं किया। हाथों से ही पलटी हुई ट्रॉली को सीधा किया। इससे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया।

### मुख्यमंत्री ने दु:ख व्यक्त कर मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के खितरपाल गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिलाओं के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए एवं अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# सिंगरौली में बैंक रॉबरी: 5 हथियारबंद बदमाशों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 35 लाख लूटे, 20 मिनट में वारदात को दिया अंजाम

**सिंगरौली (नप्र)।** सिंगरौली में बैंक रॉबरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में शुक्रवार दोपहर को 5 हथियार बंद बदमाशों ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। पूरे बैंक को बंधक बना लिया और मैनेजर को बंदूक की बट से मारकर घायल कर नकदी से भरी पेटी और कैश कलेक्शन काउंटर को लूट लिया। लुटेरे नकदी सहित सोना-चांदी सहित करीब 35 लाख की लूट करके बड़े आराम से निकल गए। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सिंगरौली के बैढ़न क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र




की ब्रांच में रोजमर्रा की तरह काम चल रहा था। दोपहर करीब एक बजे दो बदमाश हथियार लेकर बैंक में घुसते हैं। एक बदमाश ने सिर पर हेलमेट लगा रखा था।

# 'बार-बार बेहोश कर लाना ठीक नहीं'

### कूनो से भागकर राजस्थान जा रहे चीते, एक्सपर्ट ने चेताया

**श्योपुर (नप्र)।** कूनो नेशनल पार्क की सीमा को लांघकर चीते बार-बार राजस्थान जा रहे हैं। 2026 में तीसरी बार कूनो से निकलकर एक चीता राजस्थान पहुंच गया। गुरुवार को वह चीता रणथंभौर टाइगर रिजर्व के बाहरी इलाकों में पहुंच गया। इससे पहले चीता बारां के रास्ते राजस्थान पहुंचा था। इस बार करोटा और फिर सवाई मधोपुर होते हुए वहां पहुंचा है। इससे पता चलता है कि राजस्थान के बड़े इलाके में चीते घूम रहे हैं।

**27 मार्च को वापस लाया गया था कूनो-** दरअसल, इससे पहले राजस्थान गए चीते को 27 मार्च को ट्रैंकुलाइज कर कूनो नेशनल पार्क लाया गया था। वह 19 मार्च को राजस्थान गया था। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि छठी बार कूनो जंगल से चीता राजस्थान गया है। कूनो और गांधी सागर का बड़ा इलाका मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगभग 1700 वर्गकिलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें बारां, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा, झालावाड़ और चित्तौड़गढ़ जिले शामिल हैं। सुधीर गुप्ता, पर्यावरणविद् ने कहा केपी-2 को दो बार बेहोश किया जा चुका है। इससे जानवर को नुकसान पहुंच सकता है।




## महामहिम राष्ट्रपति से किसानों की विनम्र अपील



आदरणीय आप केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह किसानों के हक में स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट हु-ब-हु लागू करें तथा एमएसपी गारंटी किसानों को दें और भारत के समस्त किसान जो कर्ज में बुरी तरह डूब चुके है उनका के.सी.सी. ऋण तुरन्त माफ करें। अगर केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के द्वारा किसानों की ये मात्र 3 मांगे नहीं मानी जाती है तो मैं एक किसान होने के नाते समस्त भारतीय किसान बन्धुओं और किसान मजदूरों से अपील करता हूं कि आप भी एक असहयोग आंदोलन सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट होकर करें। हमें सिर्फ इतना ही करना है कि समस्त सरकारी बैंकों, सरकारी सोसायटियों, अर्द्धसरकारी बैंकों, अर्द्ध सरकारी सोसायटियों, निजी क्षेत्र के समस्त बैंकों का किसानों पर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त मजदूरों को उपरोक्त संस्थाओं के कर्ज चुकाने के एकजुट होकर नहीं चुकाना है। हमें भी डिफाल्टर होना है। फिर सरकार जिस तरह का व्यवहार हमारे साथ करने का प्रयास करें उस तरीके से हमें भी संगठित

**जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान-जय संविधान।**
**जय भारत-जय भारती। जय श्री राम-जय बलराम।**

किसान
महेन्द्र (जीवन गोदारा) जाट
अहलवाड़ा, हरदा मो. 8085815544





भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
जनगणना से जन कल्याण

## हमारी जनगणना हमारा विकास

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0037/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

# आस्था और विश्वास समय के साथ बदलते हैं, कानून से नहीं

**याचिकाकर्ता बोला-सबरीमाला केस में 5वें दिन भी हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई जारी रही। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता; बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट



का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी विधायक के ठिकानों पर आईटी का छापा

- ममता बोलीं-भाजपा चाहे जितनी साजिश रच ले, उसकी हार होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में शुक्रवार को आयकर विभाग ने टीएमसी विधायक देबाशीष कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने सुबह करीब 6 बजे मणोहरपुकुर रोड स्थित उनके घर और



ऑफिस पर तलाशी की। देबाशीष कुमार दक्षिण कोलकाता की राशबेहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें कई बार तलब किया था। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कूच बिहार की सभा में कहा- हमारे पार्टी कार्यालयों, कैंडीडेट के घरों तक पर छापेमारी हो रही है लेकिन, चाहे कितनी भी साजिश रच लें, भाजपा को हार का सामना करना ही होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कूच बिहार की सभा में कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बैठक में कहा है कि उत्तर बंगाल में विकास विभाग में कोई प्रगति नहीं हुई है। मैं कहती हूं, आप प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं। हालांकि यह पद आपके लिए लंबे समय तक नहीं रहेगा। जब तक आप यहां हैं, कृपया कम झूठ बोलें।

### बालाकोट, नोटबंदी, सिंदूर का जादूगर पकड़ा गया

- संसद में बोले राहुल गांधी, बिना नाम लिए पीएम मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा, 'यह महिला आरक्षण बिल महिलाओं को सशक्त नहीं बनाएगा। यह शर्मनाक कानून है, पुराना कानून लाओ हम समर्थन देंगे। यह सिर्फ भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने के लिए है।' उन्होंने कहा, भारत के इतिहास में यह सबसे कड़वा सच है। मैं इसके बारे में सब




जानता हूं। यह ओबीसी, दलित वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल है। सभी जानते हैं कि ओबीसी, दलित और महिलाओं के साथ क्या होता है। सरकार ओबीसी का अधिकार छीनना चाहती है। राहुल ने पीएम मोदी का नाम लिए बिना कहा- ऑपरेशन सिंदूर-नोटबंदी का जादूगर पकड़ा गया। इस पर एनडीए सांसदों ने विरोध किया। बोले- राहुल प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने उनके विवादित शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

- ट्रम्प बोले-शुक्रिया, भारत ने ईरान से 2,358 लोगों को निकाला

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुल गया है। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि भारत ने अब तक ईरान से 2,358 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

**अमेरिकी डॉलर को छोड़ चीन की करेंसी युआन में किया पेमेंट**

# ईरान से तेल खरीद पर भारत का 'बड़ा खेल'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने ईरान से खरीदे गए तेल का भुगतान चीनी मुद्रा युआन में किया है। यह पेमेंट ऐसे समय हुआ है जब ईरानी तेल खरीदने के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों में अस्थायी छूट मिली है। रॉयटर्स के मुताबिक यह पेमेंट मुंबई स्थित बैंक के जरिए किया गया, जिसने अपनी शंघाई शाखा के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। भारतीय रिफाइनर्स ने सात साल बाद ईरान से तेल खरीदा है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात इसका पेमेंट मोड है। भारत की सबसे बड़ी सरकारी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने इस महीने की शुरुआत में 20 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल खरीदा।

यह तेल बड़े जहाज जया के माध्यम से आया। यह करीब 20 करोड़ डॉलर (करीब 1857 करोड़ रुपये) का सौदा था और पिछले सात वर्षों में भारत की पहली ईरानी तेल खरीद मानी जा रही है। अलावा निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए भी चार जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर आने की अनुमति दी गई थी।



### अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा भारत

- अधिकारी ने कहा-किसी पर निर्भर नहीं भारत, खुद तय करता है नीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका ने हाल ही में रूसी तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों को एक बार फिर लागू कर दिया है। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की मिली छूट खत्म हो गई है। हालांकि भारत इसके बाद भी रूस से कच्चे तेल और एलपीजी की खरीद जारी रखेगा। भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने साफ कहा है कि भारत की ऊर्जा आयात नीति पूरी तरह उसका अपना फैसला है और यह अमेरिकी प्रतिबंधों पर निर्भर नहीं है। मिंट ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि भले ही अमेरिका ने इस छूट को आगे नहीं बढ़ाया है।

### ईरान की तरफ से थीं पेमेंट की अनोखी शर्त

आमतौर पर भारतीय सरकारी कंपनियां तेल की डिलीवरी मिलने के बाद भुगतान करती हैं। लेकिन इस सौदे में कई शर्तें शामिल रहीं। ये इस प्रकार हैं: कंपनी ने तेल की कुल कीमत का 95 फीसदी हिस्सा तभी चुका दिया जब टैंकर भारतीय समुद्री सीमा में दाखिल हुआ। जानकारों के मुताबिक, प्रतिबंधों वाले देशों के साथ इस तरह की भुगतान व्यवस्था काफी असामान्य है। सूत्रों के अनुसार इंडियन ऑयल फिलहाल ईरान से और तेल खरीदने की योजना नहीं बना रही है। साल 2019 के बाद से भारत ने अमेरिकी दबाव के चलते ईरान से तेल लेना बंद कर दिया था। अब तक चीन की छोटी और स्वतंत्र रिफाइनरियां ही ईरानी तेल की मुख्य खरीदार रही हैं। वहीं अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिए हैं कि यह छूट अब आगे नहीं बढ़ाई जाएगी और ईरानी तेल पर प्रतिबंधों की छूट रविवार को समाप्त हो जाएगी।

# लोकसभा में नहीं पास हो सका महिला आरक्षण बिल

- विपक्ष ने नहीं दिया साथ, पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। बिल के पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े। लोकसभा में 489 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 489 का दो तिहाई 326 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल पास 54 वोट से गिर गया। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा था कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। विपक्ष अगर वोट नहीं देगा तो बिल गिर जाएगा। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। सरकार ने कहा है कि इन विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के कार्यान्वयन में तेजी लाना है। मंगलवार को केंद्र सरकार ने सांसदों के बीच ड्राफ्ट बिल बांटे। ये बिल महिलाओं के लिए आरक्षण कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लागू करने और नए सिरे से परिसीमन करने से जुड़े हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल और परिसीमन बिल पर बहस का जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी ने अब तक एक भी ओबीसी का प्रधानमंत्री नहीं दिया, भाजपा ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, अति पिछड़ा समाज के व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया।

# मुकेश अंबानी को पछाड़ आगे निकल गौतम अडाणी

- एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने, नेटवर्थ 8.59 लाख करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में उनकी नेटवर्थ 92.6 अरब डॉलर यानी करीब 8.59 लाख करोड़ रुपए हो गई है। अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश




अंबानी एशिया के सबसे अमीर शख्स थे। उनकी नेटवर्थ 90.8 अरब डॉलर यानी करीब 8.42 लाख करोड़ है। गौतम अडाणी: इस साल इनकी नेटवर्थ में 8.1 अरब डॉलर यानी 75.11 हजार करोड़ रुपए बढ़ी है। अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी ने इनकी नेटवर्थ को बूस्ट दिया है।

### इलॉन मस्क दुनिया में सबसे अमीर व्यक्ति

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में इलॉन मस्क 656 अरब डॉलर यानी करीब 60 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। उनके बाद लैरी पेज दूसरे और जेफ बेजोस तीसरे नंबर पर हैं। हालांकि कोई भी भारतीय टॉप टेन में शामिल नहीं है। यह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ को ट्रैक करने वाला एक डेली इंडेक्स है। इसमें न्यूयॉर्क में हर कारोबारी दिन की समाप्ति पर आंकड़े अपडेट किए जाते हैं।

# 2023 का महिला आरक्षण हो गया कानून लागू

**आधी रात को नोटिफिकेशन जारी, विपक्ष हमलावर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया है। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच, आधी रात को मूल कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसका मतलब यह है कि महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वह लागू ही नहीं हुआ था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, कानून में संशोधन तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। अचानक सरकारी नोटिफिकेशन की यही वजह है। हालांकि, कानून लागू होने के बावजूद संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण तुरंत नहीं मिलेगा। पुराने कानून के मुताबिक, यह 2027 की जनगणना और उसके आधार पर होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू हो सकेगा।



### सरकार के पास क्या विकल्प बचेंगे

मोदी सरकार लोकसभा में बिल पर वोटिंग करा सकती है, अगर बिल गिर जाता है, तो सरकार इसका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ सकती है। विपक्ष के साथ आम सहमति बना सकती है। विधेयकों को संसदीय स्थायी समिति के पास भेज सकती है। सरकार इससे पहले वन नेशन, वक्फ बिल और वन इलेक्शन बिल को भी संसदीय समिति के भेज चुकी है। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू बोले- सरकार ने महिला आरक्षण कानून में बदलाव (संशोधन) करने की तैयारी कर रही है।

### 2023 में कानून बना लेकिन लागू नहीं हुआ था

महिला आरक्षण बिल को 2023 में लोकसभा और राज्यसभा में पास किया गया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने भी मंजूरी दे दी लेकिन इसके बावजूद यह कानून संविधान का हिस्सा नहीं बना था। क्योंकि कोई कानून तब तक लागू नहीं माना जाता जब तक सरकार राजपत्र (गजट) में उसको लागू करने की तारीख अधिसूचित न कर दे। अब नोटिफिकेशन जारी होने के बाद कानून तो लागू हो गया है लेकिन इसे मौजूदा लोकसभा में लागू नहीं किया जा सकता। कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, अगली जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन (सीटों का पुनर्गठन) होगा। इसके बाद ही आरक्षण लागू किया जाएगा। इस प्रक्रिया के कारण आरक्षण 2034 तक लागू होने की संभावना जताई गई थी। हालांकि, सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन कर महिला आरक्षण को 2029 के चुनाव से लागू करना चाहती है। इसके लिए सरकार ने संसद में तीन नए बिल पेश किए हैं- संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2026।

# ब्लाक व बूथ स्तर पर 30 हजार परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रवीन्द्र भवन में संपन्न




**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के आगमन एवं स्थान ग्रहण के साथ हुई, जिसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम प्रस्तुत किया गया। अतिथिगण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का सूत की माला से स्वागत किया गया। सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका, उनके कार्य एवं दायित्वों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। डॉ. संजय कामले द्वारा आगामी जनसंवाद सम्मेलनों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी द्वारा प्रदेश स्तरीय ब्लॉक जनसंवाद सम्मेलन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले 25 वर्षों से सत्ता से बाहर है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बूथ एवं ब्लॉक स्तर पर कम से कम 30 हजार परिवारों को जोड़कर संगठन को मजबूत करना होगा। श्री पटवारी ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य किसी पद की प्राप्ति नहीं, बल्कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना है। आज मध्य प्रदेश कर्ज, क्राइम और करप्शन के कैंसर से जूझ रहा है, और इसे बचाने के लिए हमें अपनी आहुति देनी होगी। 25 अप्रैल से लेकर 25 मई तक बनाए गए विधानसभा प्रभारी अपने विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और कार्यकारिणी का सत्यापन करेंगे और 25 मई के बाद पार्टी के हर ब्लॉक पर एक अधिवेशन होगा जिसे जन संवाद कार्यक्रम का नाम दिया जाएगा, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी सहित एक-एक ब्लॉक में जाएंगे।

### जनसंवाद को प्रभावी बनाने पर व्यापक चर्चा

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि पार्टी में एक प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक परिवार से 100 रुपए का सहयोग लिया जाएगा। यह राशि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ही संगठन निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यों में उपयोग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से पार्टी किसी एक व्यक्ति पर निर्भर न रहकर कार्यकर्ताओं के सामूहिक योगदान से सशक्त बनेगी और आमजन के साथ सीधा जुड़ाव भी बढ़ेगा। श्री चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे मंडल, ब्लॉक, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर संगठन का सुदृढ़ गठन सुनिश्चित करें तथा गांव-गांव जाकर इकाइयों एवं बीएलए-2 का सत्यापन कर उनकी सक्रियता का आकलन करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिला अध्यक्षों के कार्यों का मूल्यांकन जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों का आकलन भी आगामी छह माह में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रगान जन गण मन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी, प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त एवं श्रीमती उषा नायडू, रणविजय लोचन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह एवं गोविंद सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सहित समस्त विधायकगण, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षगण तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस के समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..100 दिवसीय 'फ्री लाइव योग सत्र' का आयोजन

### -कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनोखा तीर, हरदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व देश व्यापी जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ' 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशन' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन में योग को शामिल करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय संरचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिक और शासकीय कर्मचारी वेबसाइट लिंक अथवा टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 के माध्यमों से नि:शुल्क पंजीकरण कराकर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आदेशित किया है कि वे स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन योगाभ्यास करें तथा अपने अधीनस्थों की सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

## जनगणना 2027 के तहत स्वगणना की प्रक्रिया प्रारम्भ

### जिले के नागरिकों से स्व गणना कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के तहत 16 अप्रैल से स्व गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 30 अप्रैल 26 तक की अवधि में संपादित किया जाएगा। नागरिकों को स्व गणना की सुविधा के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्यम से पहली बार यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा एक मई से 30 मई 2026 की अवधि में सम्पादित किया जाएगा, जिसके जिले में सफल संचालन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्व गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, इससे जिले की जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण हो सकेगा। स्वगणना की प्रक्रिया बहुत सरल है। इसे आसानी से पूर्ण किया जा सकता है।

**स्व गणना प्रक्रिया** - जनगणना 2027 में डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसके तहत भौतिक मकान सूचीकरण अभियान एचएलओ शुरू होने से पहले 15 दिनों की वैकल्पिक ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा दी गई है। नागरिक 16 से 30 अप्रैल के बीच आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इससे उन्हें एक विशिष्ट आईडी प्राप्त होगी, जो आगे की प्रक्रिया में सहायक होगी। नागरिक स्व गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज कर लॉगिन करें। परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ई मेल आई डी वैकल्पिक दर्ज करें। इस समय यह ध्यान रखें कि परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के बाद अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। अपने जिले का चयन करें और पिनकोड के साथ अपने गांव, नगर, स्थानीय क्षेत्र की जानकारी भरें। इसके बाद मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर ड्रैग कर अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें एवं स्थान की पुष्टि करें। इससे प्रगणक को स्व गणना सत्यापन के लिए आपकी लोकेशन में पहुंचने में आसानी होगी। उपरोक्त प्रक्रिया के बाद मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रश्नावली पूर्ण करें। प्रश्नों को समझने में सहायता के लिए टूलटिप्स, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तथा आवश्यक सूचना उपलब्ध है। इसके बाद पूर्व अवलोकन स्क्रीन का उपयोग कर दर्ज की गई सभी जानकारी की जांच करें। संशोधन के लिए वापस जाएं बैक करें, बाद में प्रस्तुत करने के लिए ड्राफ्ट में सेव करें, या पुष्टि करें और सबमिट करें। सबमिट कर, अंतिम पुष्टीकरण के बाद डाटा में किसी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा। स्व गणना प्रपत्र सफलता पूर्वक प्रस्तुत होने पर एक विशिष्ट स्व गणना पहचान संख्या एस. ई. आई. डी. उत्पन्न होगी, जो 'एच' अक्षर से प्रारंभ होती है। यह ई मेल तथा एस एम एस के माध्यम से भेजी जाएगी। जब जनगणना प्रगणक आपके घर आएं, तो उन्हें अपनी यह आईडी प्रदान करें।

## जिला अस्पताल में मरीजों को विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलें-कलेक्टर

● उपचार के लिए प्रतीक्षा का समय कम हो

● ओपीडी के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की जाए ● परिसर में गंदगी फैलाने पर होगा जुर्माना





**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर अस्पताल प्रबन्धन द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए। नवीन अस्पताल भवन में चिकित्सा की आधूनिकतम मशीनों से बेहतर इलाज के प्रबन्ध हों। शुक्रवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने कहा कि उपचार के लिए मरीजों को ज्यादा देर प्रतीक्षा न करना पड़े। अस्पताल की व्यवस्थाएं इस तरह की हों कि मरीजों को इंतजार किए बगैर शीघ्रता से वांछित उपचार मिल जाए। उन्होने कहा कि मरीज ओपीडी में ऑनलाइन बुकिंग कर सकें ऐसा सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जाए। मरीजों से ओपीडी में लिए जाने वाला शुल्क क्यू आर कोड के माध्यम से जमा कराया जाए ताकि उनका समय बच सके। कलेक्टर ने समूचे अस्पताल परिसर में सीसीटीवी लगाकर गंदगी फैलाने वालों की निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गंदगी फैलाने अथवा गुटखा थूकने पर संबंधित से तत्काल जुर्माना वसूल किया जाए।

**कलर कोडिंग से होगी वार्डों तक पहुँचने की व्यवस्था** - कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल के विभिन्न स्थानों पर सुगमता से पहुँचने के लिए कलर कोडिंग से फुट स्टेप तैयार किए जाएं। ऑपरेशन थियेटर, उपचार वार्डों अथवा प्रसाधन तक पहुंचने के लिए परिसर में अलग-अलग रंग के फुट स्टेप निर्धारित हों। कलेक्टर ने विभिन्न वार्डों में निरीक्षण के दौरान पुराने अस्पताल भवन में मरीजों के लिए प्राइवेट वार्ड तैयार करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### आज गुर्जर बोर्डिंग फीडर का विद्युत प्रवाह दो समय बंद रहेगा

**अनोखा तीर, हरदा।** विद्युत विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि आज १८ अप्रैल को 11 केवी गुर्जर बोर्डिंग फीडर पर 100 केवीए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने के कार्य के चलते सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 5 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। इस दौरान गुर्जर बोर्डिंग, पाठक कॉलोनी, विष्णुपुरी, नेहरू स्टेडियम क्षेत्र सहित आसपास की कॉलोनियां प्रभावित रहेंगी। उपभोक्ताओं से आवश्यक सावधानी बरतने एवं सहयोग करने की अपील की गई है।

मानवता की मिसाल..

### बड़झिरी अग्निकांड पीड़ितों की मदद के लिए उठे जनसेवा के हाथ




**अनोखा मगरधा।** बड़झिरी ग्राम में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना ने जहाँ कई परिवारों को संकट में डाल दिया, वहीं इस आपदा की घड़ी में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों ने मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पीड़ितों की सहायता हेतु क्षेत्र में 'सहयोग रथ' निकाला गया, जिसे समाज के हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिला। अग्नि पीड़ितों की मदद के लिए मगरधा, सिंगोड़, लाखादेह और वोबदा सहित अनेक ग्रामों के लोग आगे आए। इन गाँवों में 'सहयोग रथ' पहुँचते ही ग्रामीणों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार खुले मन से दान किया। पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए ग्रामीणों द्वारा अनाज मुख्यत: गेहूं, नए एवं स्वच्छ कपड़े, बर्तन और घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, किराना सामग्री तथा नगद राशि का सहयोग प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य में माय किड्स एकेडमी स्कूल परिवार ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के पालकों और स्टाफ से की गई अपील के बाद बड़ी संख्या में पालकों ने मानवीय आधार पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। स्कूल प्रबंधन ने इस सहयोग को संकट में फँसे परिवारों के लिए बड़ा संबल बताया। अभियान के अंत में आयोजकों और ग्राम प्रमुखों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में एक-दूसरे का साथ देना ही सबसे बड़ा धर्म है। 'सहयोग रथ' के माध्यम से एकत्रित सामग्री बड़झिरी के प्रभावित परिवारों तक पहुँचा दी गई।



### 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में...

#### 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**अनोखा तीर, भोपाल।** कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम एमपी बोर्ड और सीबीएसई में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मई में भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित करेगा। कायस्थम ने उन सभी चित्रांश छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है, जिन्होंने बेहतर रिजल्ट लाकर कायस्थ समाज को गौरांवित किया है। मध्यप्रदेश के ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है। जिसे सीबीएससी 12वीं कक्षा के अप्रैल अंत तक घोषित परिणाम के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने नाम, प्रतिशत, फोटो, स्कूल, शहर और मोबाइल नंबर कायस्थम के विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश खरे एवं विष्णुकांत सहाय को नोट करवा सकते हैं। इसके लिए एक फार्म भी निर्धारित किया गया है, जिसे लिंक को ओपन कर 30 अप्रैल तक ऑनलाइन भेजा जा सकता है।

## आगर मालवा में भव्य सनातन यात्रा, हरदा से अनय सराफ बने जिला अध्यक्ष




**अनोखा तीर, हरदा।** आगर मालवा जिले में अखिल भारतीय सनातन परिषद के तत्वावधान में सनातन धर्म की रक्षा एवं समाज में एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से भव्य सनातन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा परम पूज्य गुरुदेव श्रीश्री 108 महंत योगी महावीर नाथ जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों वाहनों की रैली शामिल रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने सनातन धर्म की ध्वजा लहराते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर धर्म जागरण का संदेश दिया। जगह-जगह लोगों को समाज में एकता बनाए रखने और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान हरदा जिले से जुड़े एक महत्वपूर्ण निर्णय में अखिल भारतीय सनातन परिषद द्वारा अनय सराफ को हरदा जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। पूज्य गुरुदेव ने उन्हें सनातन धर्म ध्वजा प्रदान कर हरदा जिले में धर्म की पताका लहराने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक यात्रा को सफल बनाया।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम योजना

### युवाओं को 9000 मासिक स्टाइपेंड के साथ कॉर्पोरेट अनुभव का अवसर

**अनोखा तीर, हरदा।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन गूगल मीट में प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा द्वारा जिले के समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरदा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कर चुके हैं और रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें योजना से जोड़ा जाएगा तथा पोर्टल पर पंजीयन में सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर युवा अपनी रुचि के अनुसार कम से कम तीन कंपनियों का चयन कर सकेंगे। चयनित होने पर उन्हें 9 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ अतिरिक्त 8100 रुपए एकमुश्त राशि प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण अवधि 6 से 9 महीने की होगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर कंपनी द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा। साथ ही, जिले के सभी महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और करियर मार्गदर्शन योजना के प्रभारियों की जिला स्तरीय निगरानी समिति भी गठित की जाएगी। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. राकेश सिंह परस्ते ने बताया कि भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य देश की शीर्ष कंपनियों में बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। चयनित युवाओं को कॉर्पोरेट कार्य का वास्तविक अनुभव मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चयनित प्रशिक्षु किसी भी प्रकार से लोकसेवक या सरकारी कर्मचारी की श्रेणी में नहीं माने जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं को भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा विकसित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## फूटी पाइपलाइन से बह रहा पानी, जिम्मेदार बेपरवाह



**अनोखा तीर, मसनगांव।** एक ओर सरकार जल संरक्षण और हर घर नल से जल पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम मसनगांव में जल जीवन मिशन की हकीकत लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। स्टेट हाईवे किनारे बिछाई गई पाइपलाइन पिछले 15 दिनों से फूटी पड़ी है और कीमती पानी सड़क किनारे बहकर दलदल में तब्दील हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। सिराली मार्ग तिराहे पर बनी पानी की टंकी से गांव में सप्लाई के लिए डाली गई पाइपलाइन पर्याप्त गहराई में नहीं बिछाई गई। नतीजा यह है कि सड़क पर साइड देते समय वाहन चालक अनजाने में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा देते हैं। पाइपलाइन फूटने के बाद लगातार पानी बह रहा है, जिससे सड़क किनारे गड्ढा और दलदल बन गया है। यह स्थिति अब राहगीरों और छोटे वाहनों के लिए खतरा बन चुकी है। ग्रामीण अरविंद मालवीय, परशराम पाटिल और मोतीराम पाटिल का कहना है कि पाइपलाइन उनके घरों के सामने ही क्षतिग्रस्त है। पंचायत को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक सुधार नहीं किया गया। जिम्मेदारों की अनदेखी से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। हैरानी की बात यह है कि भीषण गर्मी में जहां जलस्तर लगातार गिर रहा है और गांव के अधिकांश हैंडपंप व ट्यूबवेल सूख चुके हैं, वहीं दूसरी ओर यही पाइपलाइन गांव के लिए पेयजल का मुख्य सहारा बनी हुई है। इसके बावजूद हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पाइपलाइन दुरुस्त नहीं की गई तो न केवल दुर्घटनाएं बढ़ेंगी, बल्कि आने वाले दिनों में गांव को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस लापरवाही पर पर्दा डालता रहता है या फिर कोई ठोस कार्रवाई करता है। इस संबंध में पंचायत के सचिव नंदलाल बघेल ने बताया कि गांव में तीन-चार जगहों पर पाइपलाइन फूटी हुई है। सुधार करने वाले मैकेनिक की तबीयत खराब होने से कार्य नहीं हो सका है, जल्द ही लाइन को दुरुस्त कराया जाएगा।

## भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**अनोखा तीर, सिराली।** भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग साई वाटिका में संपन्न हुआ। भाजपा मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी निभाने एवं जनता के बीच जाकर किस प्रकार सहयोग करना है, इसके लिए दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बूथ लेवल से राष्ट्रीय स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भाजपा के पितृ पुरुषों को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने के बाद प्रथम बार सिराली आगमन पर कुंवर संजय शाह का कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार, पुष्पवर्षा एवं करतल ध्वनि से हार्दिक अभिनंदन किया। सिराली एवं पहटकला मंडल का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग 8 भागों में विभाजित कर अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं जनता के बीच योजनाओं को पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय शाह ने कहा कि भाजपा का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। हमें दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाते हुए शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। पार्टी के लिए हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है, इसलिए भाजपा में कार्यकर्ताओं को देवतुल्य कहा जाता है। प्रशिक्षण वर्ग में राजेश वर्मा, संजय शाह, राहुल शाह, श्रीमती अनीता कैलाश अग्रवाल, अमर सिंह मीणा, दीपक नेमां, बसंत राजपूत, अखिलेश बाके, अशोक पाराशर, उदय सिंह राजपूत, जगदीश सोलंकी, अनिल राजपूत, लड्डू पटेल, श्याम बुचा, मनीष मांगुले, सत्यनारायण शर्मा, गंगा पटेल, पदम पटेल नगर परिषद पार्षद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नर्मदा किनारे लगा आस्था का संगम

● सतुआ अमावस्या के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

● प्राचीन शिवालयों में अलसुबह से ही दर्शन के लिए लगा भक्तों का तांता





**अनोखा तीर, हंडिया।** प्राचीन नगरी हण्डिया में शुक्रवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही मां नर्मदा किनारे सतुआ अमावस्या के अवसर पर हजारों की संख्या में नर्मदा भक्तों का हुजूम स्नान के लिए उमड़ा। ओम नमः शिवाय और हर-हर नर्मदे के जयघोष से पूरा नर्मदा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया। दूर-दूर तक शंख और घंटों की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नर्मदा के पवित्र जल में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने नदी किनारे बैठे दरिद्र नारायणों को सत्तू व अन्न का दान देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर के कुबेर द्वारा स्थापित ऋद्धेश्वर महादेव मंदिर, शंकर मंदिर और कामाख्या धाम के घाटों पर श्रद्धालुओं ने सत्तू का भोग लगाकर ब्राह्मणों को दान दिया। वहीं नेमावर के सिद्धनाथ घाटों पर भी दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया और सतुआ अमावस्या के अवसर पर दाल-बाफले का भी आनंद लिया। मंदिरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, साथ ही महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई थी।

**देर शाम तक चलता रहा नर्मदा स्नान का सिलसिला** - पंडित मनमोहन व्यास ने बताया कि सतुआ अमावस्या का विशेष महत्व होता है। इस दिन सत्तू का भोग लगाकर दरिद्र नारायण को दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। एक दिन पूर्व से ही दूर-दूर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

# सम्राट को सुशासन का हस्तांतरण

लम्बे संघर्ष और राजनैतिक उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय जनता पार्टी को बिहार में पहली बार अपना मुख्यमंत्री बनाने का अवसर मिल गया है। यह अवसर राजग गठबंधन के माध्यम से आया है। अभी तक बिहार में भाजपा जद (यू) के साथ छोटे भाई की भूमिका मे थी अब बड़े भाई की भूमिका में आ गई है। जब बिहार से विधायक नितिन नवीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए तभी से बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की रणनीति पर काम चल रहा था। बिहार के निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना मन बनाया और राज्यसभा जाने के लिए तैयार हो गए। नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने से लेकर सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण तक सारी प्रक्रिया बहुत ही सधी हुई रही जिससे न तो विरोधी दलों को कोई अवसर मिला और न ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थक नाराज होकर कोई गठबंधन विरोधी कार्य कर सके। बिहार में नीतीश कुमार के युग का नयी पीढ़ी के सम्राट को हस्तांतरण हो गया है। यह निश्चित है कि बिहार में केवल मुख्यमंत्री का केवल चेहरा बदला है सरकार नीतीश कुमार जी के निर्देशन व उनके किए गए कार्यों के आधार पर ही चलने वाली है। राजनीति

सम्राट चौधरी के साथ जदयू के दो नेताओं विजय चौधरी और विजेंद्र यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। मंत्रिमंडल विस्तार बाद में किया जाएगा। अभी तक भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में गठबंधन की राजनीति में ऐसा सत्ता परिवर्तन किसी भी राज्य में कहीं भी नहीं देखा गया है। यह नेतृत्व परिवर्तन भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास लिख रहा है। मुख्यमंत्री के पद पर सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद भाजपा नेताओं ने दावा किया कि जैसे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने बिहार की जनता की 18 वर्षों से भी अधिक समय तक सेवा की वैसे ही अब सम्राट चौधरी भी 20 वर्षों तक बिहार की सेवा करने वाले हैं।



कौन हैं सम्राट चौधरी- सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने हैं और राजनीतिक दृष्टिकोण से युवा हैं। सम्राट चौधरी ओबीसी के कोइरी समुदाय से आते हैं। सम्राट चौधरी को बिहार के सवर्ण समाज मे भी पसंद किया जाता है। सवर्णों के मुद्दों पर भी वह मुखर रहे हैं। सम्राट की राजनीतिक यात्रा की शुरुआत 1990 में हुई और वे लालू यादव की राजद से वर्ष 2000 में परबत्ता विधानसभा सीट से विधायक और लालू यादव की सरकार में मंत्री बने। 2014 में वो नीतीश कुमार जी के साथ आ गए किन्तु जदयू के साथ उनकी मित्रता अधिक दिनों तक नहीं चली और वह 2017 में बीजेपी में शामिल हुए। वर्ष 2023 में बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए गये। जनवरी 2024 में वह नीतीश सरकार में उपमुख्यमंत्री बने और कई महत्वपूर्ण विभागों वित्त, स्वास्थ्य, शहरी विकास, पंचायती राज को संभाला। मात्र आठ से नौ वर्षों मे ही उनकी भाजपा मे तेज तरक्की पार्टी की ओबीसी राजनीति और रणनीति का अहम हिस्सा है। भाजपा ने सम्राट चौधरी का चयन काफी सोच समझ कर किया है ताकि पिछड़ों-दलितों-महादलितों की सियासत में कोई नया खालीपन न पैदा हो।

सम्राट चौधरी को भले ही भाजपा में बाहर से आया नेता बताया जा रहा हो किंतु वह काफी दमदार हैं और उनकी शैली आक्रामक है। वह लालू यादव के समीकरण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं क्योंकि उनकी राजनीति का सफर लालू यादव की राजद से ही प्रारंभ हुआ था और फिर वह नीतीश की पार्टी में भी गए और उसके बाद जीतनराम मांझी के साथ रहे। सम्राट के माध्यम से भाजपा ने पश्चिम बंगाल के ओबीसी समाज को एक बहुत बड़ा राजनैतिक संदेश भेजा है। बंगाल में ओबीसी समाज का मतदता बड़ी संख्या में है। वर्ष 2027 की शुरूआत मे ही उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे उसको भी ध्यान में रखा गया है। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि जातीय जनगणना की उथल पुथल के बीच बीजेपी को एक कद्दावर ओबीसी नेता की तलाश थी जो सम्राट चौधरी पूरी कर रहे हैं।

## म्यूजिक इवेंट्स की आड़ में फैलता नशे का जाल



देश में महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में नशीले पदार्थों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो उनके भविष्य और जान दोनों को खतरे में डाल रहा है। यह केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है। युवाओं के सामूहिक रूप से नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने के लिए विशेष आयोजन की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। मगर, अब इस तरह के आयोजनों का स्वरूप भी बदल रहा है। ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थे। सवाल है कि जब नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और खरीद के खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान है, तो फिर युवाओं की इन तक आसानी से पहुंच कैसे संभव हो पा रही है? यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव में संगीत कार्यक्रम में भाग लेने आए जिन दो छात्र-छात्रा की मौत हुई, वे पहले से नशा करके आए थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिर से नशीले पदार्थ का सेवन किया। यह बेहद चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन की आड़ में युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की इच्छाशक्ति कहीं नजर नहीं आती है। जबकि युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति से आपराधिक घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। हैरानी की बात है कि मुंबई जैसे महानगर में संगीत कार्यक्रमों की अनुमति देने से पहले प्रशासन की ओर से जांच और निगरानी की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। जब तक सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर सतर्कता नहीं बरती जाएगी, तब तक यह समस्या हल नहीं हो पाएगी ।


## आज का कार्टून




# अक्षय तृतीया का आध्यात्मिक महत्व

**कृतिका खत्री**
सनातन संस्था
संपर्क - 9990227769

अक्षय तृतीया का त्यौहार वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर मनाया जाता है। इस वर्ष यह त्यौहार 19 अप्रैल 2026, रविवार के दिन मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया को उत्तर भारत में 'आखा तीज' भी कहते है। अक्षय तृतीया की तिथि साढे तीन मूहूर्तों में से एक पूर्ण मुहूर्त है। इस दिन सत्ययुग समाप्त होकर त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ, ऐसा माना जाता है। इस कारण से यह एक संधिकाल है। मुहूर्त कुछ ही क्षणों का होता है; परंतु अक्षय तृतीया संधिकाल होने से उसका परिणाम 24 घंटे तक रहता है। इसलिए यह पूरा दिन ही अच्छे कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।



### अक्षय तृतीया के दिन दान देने का महत्त्व

पुराणकालीन 'मदनरत्न' नामक संस्कृत ग्रंथ में बताए अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्त्व बताया है। वे कहते हैं, इस तिथि को दिए हुए दान तथा किए गए हवन का क्षय नहीं होता। इसलिए मुनियों ने इसे 'अक्षय तृतीया' कहा है। देवों तथा पितरों के लिए इस तिथि पर जो कर्म किया जाता है, वह अक्षय; अर्थात अविनाशी होता है।' अक्षय तृतीया के दिन दिए गए दान का कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन पितरों के लिए आमान्न अर्थात दान दिए जाने योग्य कच्चा अन्न, उदककुंभ; अर्थात जल भरा कलश, 'खस' का पंखा, छाता, पादत्राण अर्थात जूते-चप्पल आदि वस्तुओं का दान करने के लिए पुराणों में बताया है।

### सत्पात्र व्यक्ति को ही क्यों दान देना चाहिए ?

अक्षय तृतीया के दिन किए दान से व्यक्ति के पुण्य का संचय बढ़ता है। पुण्य के कारण व्यक्ति को स्वर्गप्राप्ति हो सकती है; परंतु स्वर्गसुख का उपभोग करने के उपरांत पुनः पृथ्वी पर जन्म लेना पड़ता है। मनुष्य का अंतिम ध्येय 'पुण्य प्राप्ति कर स्वर्ग प्राप्ति करना' ही नहीं; अपितु 'पाप-पुण्य के परे जाकर ईश्वर प्राप्ति करना' होता है। इसलिए मनुष्य को सत्पात्र दान करना चाहिए। सत्पात्र व्यक्ति को दान करने पर यह कर्म 'अकर्म कर्म' हो जाता है तथा ऐसा करने से मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति होती है, अर्थात वह स्वर्गलोक में न जाकर उच्च लोक में जाता है। संत, धार्मिक कार्य करने वाले व्यक्ति, समाज में धर्म प्रसार करने वाली आध्यात्मिक संस्था तथा राष्ट्र एवं धर्म जागृति करनेवाले धर्माभिमानी को दान करना ही कालानुरूप सत्पात्र दान है।

### अक्षय तृतीया का महत्त्व

अक्षय तृतीया के दिन ही हयग्रीव अवतार, परशुराम अवतार एवं नर नारायण अवतार का प्रकटीकरण हुआ है तथा इसी दिन ब्रह्मा एवं श्री विष्णु इन दो देवताओं का सम्मिलित तत्त्व पृथ्वी पर आता है। इससे पृथ्वी की सात्त्विकता 10 प्रतिशत बढ़ जाती है। इस काल महिमा के कारण इस तिथि पर पवित्र नदियों में स्नान, दान आदि धार्मिक कृत्य करने से अधिक आध्यात्मिक लाभ होते हैं। इस तिथि पर देवता-पितर के निमित्त जो कर्म किए जाते हैं, वे संपूर्णतः अक्षय (अविनाशी) होते हैं। (संदर्भ : 'मदनरत्न' )

अक्षय तृतीया की संपूर्ण अवधि, शुभ मुहूर्त ही होती है । इसलिए इस दिन बिना पंचांग देखे शुभ एवं मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषण की खरीदारी अथवा घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीदारी की जा सकती हैं। नवीन वस्त्र, आभूषण आदि धारण करना अथवा उद्घाटन का कार्य श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। अक्षय तृतीया संधिकाल है। हिन्दू धर्म में संधिकाल का महत्त्व बताया गया है, कि संधिकाल में की गई साधना का फल अनेक गुना मिलता है। यह तिथि वसंत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ का दिन भी है।

### अक्षय तृतीया के दिन ये अवश्य करें !

पवित्र जल में स्नान, श्री विष्णु पूजा, जप एवं होम, तिलतर्पण, मृत्तिका पूजन, बीज बोना एवं वृक्षारोपण, हल्दी-कुमकुम।

### पवित्र जल में स्नान

अक्षय तृतीया के दिन पवित्र जल में स्नान करें। हो सके तो तीर्थक्षेत्र जाकर स्नान करें अन्यथा बहते जल में स्नान करें। किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो घर में स्नान करते समय हम पवित्र नदियों के जल से ही स्नान कर रहे हैं, यह भाव रखकर जाप करें।

### तिल-तर्पण

तिल-तर्पण का अर्थ है, देवताओं एवं पूर्वजों को तिल एवं जल अर्पण करना। तर्पण का अर्थ है, देवता एवं पूर्वजों को जलांजलि; अर्थात अंजुली से जल देकर उन्हें तृप्त करना। पितरों के लिए दिया हुआ जल ही पितृ तर्पण कहलाता है। पूर्वजों को अपने वंशजों से पिंड एवं ब्राह्मण भोजन की अपेक्षा रहती है, उसी प्रकार उन्हें जल की भी अपेक्षा रहती है। तर्पण करने से पितर संतुष्ट होते हैं। तिल सात्त्विकता का, तो जल शुद्ध भाव का प्रतीक है। देवताओं को श्वेत एवं पूर्वजों को काले तिल अर्पण करते हैं।

### श्रीविष्णु पूजा, जप एवं होम

अक्षय तृतीया के दिन सातत्य से सुख-समृद्धि देने वाले देवताओं के प्रति कृतज्ञता भाव रखकर उनकी उपासना करने से हम पर उन देवताओं की होनेवाली कृपा का कभी भी क्षय नहीं होता। इस दिन कृतज्ञता भाव से श्रीविष्णु सहित वैभवलक्ष्मी की प्रतिमा का पूजन करें। इस दिन होमहवन एवं जप-जाप करने में समय व्यतीत करें। प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से पुनः खुलते हैं।

### मृत्तिका पूजन

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा' तिथि स्वयं में एक शुभ मुहूर्त है। इस दिन खेत जोतना और उसकी निराई का कार्य अक्षय तृतीया तक पूरा करना चाहिए। निराई के पश्चात, अक्षय तृतीया के दिन खेत की मिट्टी की कृतज्ञता भाव से पूजा करनी चाहिए। इसके पश्चात, पूजित मिट्टी को जैविक बनाकर उसमें बीज बोएं।

### वृक्षारोपण

अक्षय तृतीया के मुहूर्त पर बीज बोना आरंभ करने से उस दिन वातावरण में सक्रिय दैवी शक्ति बीज में आ जाती है। इस से कृषि-उपज बहुत अच्छी होती है। इसी प्रकार से अक्षय तृतीया के दिन फल के वृक्ष लगाने पर वे अधिक फल देते हैं।

### हलदी-कुमकुम

महाराष्ट्र में अक्षय तृतीया का दिन महिलाओं के लिए विशेष महत्त्व रखता है। चैत्र मास में स्थापित चैत्रगौरी का इस दिन महिलाएं विसर्जन करती हैं। चैत्र शुक्ल तृतीया से वैशाख शुक्ल तृतीया तक किसी मंगलवार, शुक्रवार अथवा किसी शुभदिन पर वे हल्दी-कुमकुम (एक प्रथा) का स्नेहमिलन करती हैं।

### जैन बंधुओं की दृष्टि से अक्षय तृतीया एक महान धार्मिक पर्व !

इस दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान ने एक वर्ष की तपस्या पूर्ण करने के पश्चात इक्षु (गन्ने) रस से पारायण किया था। श्री आदिनाथ ने लगभग 400 दिवस की तपस्या के पश्चात पारायण किया था। यह लंबी तपस्या एक वर्ष से अधिक समय की थी, अतः जैन धर्म में इसे 'वर्षीतप' से संबोधित किया जाता है। आज भी जैन बंधु वर्षीतप की आराधना कर अपने को धन्य समझते हैं। यह तपस्या प्रति वर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी से आरंभ होती है और दूसरे वर्ष वैशाख शुक्लपक्ष की अक्षय तृतीया के दिन पारायण कर पूर्ण की जाती है। तपस्या आरंभ करने से पूर्व इस बात का पूर्ण ध्यान रखा जाता है कि प्रति मास की चतुर्दशी को उपवास करना आवश्यक होता है। इस प्रकार का वर्षीतप लगभग 13 मास और 10 दिन का हो जाता है। उपवास में केवल गर्म पानी का सेवन किया जाता है।

संदर्भ : सनातन-निर्मित ग्रंथ त्यौहार, उत्सव एवं व्रत

# क्षेत्रीय राजनीति का पुनर्परिभाषण: पुडुचेरी में एलजेके के निर्माण की अंदरूनी कहानी

अंकित झा

**श्री जोस चार्ल्स मार्टिन के नेतृत्व में उभरती लक्ष्य जननायक कच्ची (स्ख्य) इस बदलाव को केवल गति में ही नहीं, बल्कि प्रक्रिया में भी परिलक्षित करती है। गठन के कुछ ही महीनों के भीतर पार्टी का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्ष्ठ) में प्रवेश, उस प्रक्रिया का उदाहरण है जो सामान्यतः वर्षों में पूरी होती है। शुरुआती चरणों से जुड़े लोगों के अनुसार, यहां विशेष बात केवल तेज़ी नहीं, बल्कि वह क्रम था जिसमें आधारभूत कार्य पहले और दृश्यता बाद में आई, संगठन विस्तार से पहले स्थापित हुआ। प्रारंभिक चरण से जुड़े कई व्यक्तियों का मानना है कि यह निर्माण किसी पारंपरिक राजनीतिक अभियान जैसा नहीं था। न तो शुरुआती दौर में बड़े जनसमूहों को आकर्षित करने के प्रयास हुए, न ही उच्च स्तर के प्रचार पर जोर दिया गया। इसके बजाय, ध्यान निर्वाचन क्षेत्रों के मानचित्रण, स्थानीय नेतृत्व की पहचान, और विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी उपस्थिति बनाने पर केंद्रित रहा। जैसा कि एक सहभागी ने कहा, दृश्यता को प्रारंभिक बिंदु नहीं, बल्कि परिणाम माना गया।**

भारत में क्षेत्रीय राजनीति अक्सर एक परिचित लय का अनुसरण करती रही है, व्यक्तित्व आधारित नेतृत्व, सामाजिक गठबंधनों पर आधारित संरचना, और चुनावी चक्रों के दौरान सक्रियता। संगठन प्रायः बाद में आकार लेता है और सफलता के अनुसार ढलता है, न कि उसे संचालित करता है। किंतु पुडुचेरी में जो परिघटना उभर रही है, वह इस स्थापित पैटर्न से एक स्पष्ट विचलन का संकेत देती है।

श्री जोस चार्ल्स मार्टिन के नेतृत्व में उभरती लक्ष्य जननायक कच्ची (स्ख्य) इस बदलाव को केवल गति में ही नहीं, बल्कि प्रक्रिया में भी परिलक्षित करती है। गठन के कुछ ही महीनों के भीतर पार्टी का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्ष्ठ) में प्रवेश, उस प्रक्रिया का उदाहरण है जो सामान्यतः वर्षों में पूरी होती है। शुरुआती चरणों से जुड़े लोगों के अनुसार, यहां विशेष बात केवल तेज़ी नहीं, बल्कि वह क्रम था जिसमें आधारभूत कार्य पहले और दृश्यता बाद में आई, संगठन विस्तार से पहले स्थापित हुआ। प्रारंभिक चरण से जुड़े कई व्यक्तियों का मानना है कि यह निर्माण किसी पारंपरिक राजनीतिक अभियान जैसा नहीं था। न तो शुरुआती दौर में बड़े जनसमूहों को आकर्षित करने के प्रयास हुए, न ही उच्च स्तर के प्रचार पर जोर दिया गया। इसके बजाय, ध्यान निर्वाचन क्षेत्रों के मानचित्रण, स्थानीय नेतृत्व की पहचान, और विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी उपस्थिति बनाने पर केंद्रित रहा। जैसा कि एक सहभागी ने कहा, दृश्यता को प्रारंभिक बिंदु नहीं, बल्कि परिणाम माना गया।

इस दृष्टिकोण में मंड्रम (सामाजिक या परमार्थिक संगठन) की स्थापना केंद्रीय रही। ये मंच केवल समय समय पर संपर्क के साधन नहीं, बल्कि निरंतर संवाद के केंद्र बने। इन मंचों के माध्यम से प्रशासनिक विलंब, आजीविका संबंधी चिंताओं और स्थानीय समस्याओं पर नियमित चर्चा हुई। समय के साथ, इन संवादों ने केवल पहचान ही नहीं, बल्कि विश्वास का निर्माण भी किया। तटीय क्षेत्रों में यह प्रक्रिया और स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मछुआरा समुदायों के साथ सतत संवाद ने आजीविका सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच और दैनिक समस्याओं पर केंद्रित विश्वास स्थापित किया, जिससे पार्टी ने धीरे धीरे अपनी पकड़ मजबूत की।

जोस चार्ल्स मार्टिन का नेतृत्व इस विस्तार का प्रमुख आधार बने, सतत उपस्थिति, निरंतर संवाद और स्थानीय जुड़ाव को राजनीतिक दृश्यता से जोड़ने में उनकी केंद्रीय भूमिका रही। हालांकि, पार्टी के विस्तार की व्यापकता और समानता यह भी दर्शाती है कि यह केवल नेतृत्व आधारित नहीं था, बल्कि एक सुदृढ़ संगठनात्मक संरचना पर आधारित था, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में सामंजस्य सुनिश्चित किया।

इसी संगठनात्मक ढांचे में डॉक कंसल्टिंग की भूमिका अधिक स्पष्ट होती है। प्रारंभिक चरण से ही पार्टी के साथ कार्यरत यह संस्था योजना और क्रियान्वयन, दोनों स्तरों पर सक्रिय रही, जिसमें संगठन निर्माण, जमीनी समन्वय, सर्वेक्षण और अभियान संरचना शामिल हैं। राजनीतिक हलकों में नेतृत्व के साथ कार्यरत समूह को अक्सर मोहन टीम कहा जाता है, जो मोहन साई दत्त और राजनीतिक परामर्श के अनुभव वाले युवा पेशेवरों के समूह का संदर्भ है। इनकी भूमिका भले ही पर्दे के पीछे रही हो, लेकिन पार्टी के विस्तार की संरचित और सुसंगत प्रक्रिया में इसका स्पष्ट प्रतिबिंब देखा जा सकता है। इस पूरे दृष्टिकोण के केंद्र में ÷3+श्व÷, अपॉइंट, एक्टिवेट, असेस, एलीवेट का मॉडल है। इसमें व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें भूमिकाएं दी जाती हैं, सक्रिय जिम्मेदारियों में जोड़ा जाता है, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है, और योग्यतानुसार उन्हें आगे बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया क्रमिक है, लेकिन इसका परिणाम संचयी होता है, जहां सहभागिता जिम्मेदारी में और जिम्मेदारी नेतृत्व में परिवर्तित होती है। संगठन के एक सदस्य के शब्दों में, लोगों को केवल जोड़ा नहीं गया, बल्कि विकसित किया गया।

पार्टी के औपचारिक लॉन्च के समय यह संरचना और स्पष्ट रूप से सामने आई। 14 दिसंबर 2025 को समुद्र में आयोजित लॉन्च अपने पैमाने के साथ-साथ प्रतीकात्मकता के लिए भी उल्लेखनीय था। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यानम भले ही भौगोलिक रूप से अलग हों, लेकिन जलमार्गों से जुड़े हैं। इस स्थान का चयन एक स्पष्ट संदेश देता है, हर क्षेत्र एलजेके के लिए समान महत्व रखता है। इसके तुरंत बाद पार्टी की सार्वजनिक पहलें अधिक स्पष्ट रूप लेने लगीं। 24 दिसंबर 2025 को, लॉन्च के मात्र दस दिन बाद, महिलाओं पर केंद्रित घोषणा छ्वष्टरू (छ्वष्टरूका विमेन फर्स्ट एजेंडा) जारी की गई, जिसने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में तेजी से ध्यान आकर्षित किया। कल्याण, गतिशीलता और आर्थिक सहयोग पर केंद्रित यह पहल पार्टी की प्राथमिकताओं का स्पष्ट और जनसुलभ प्रस्तुतीकरण बनी।

जैसे जैसे पार्टी की गतिविधियां बढ़ीं, संगठनात्मक ढांचा भी समान गति से विकसित हुआ। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संरचनाएं स्थापित की गईं, भूमिकाएं निर्धारित हुईं और 75,000 से अधिक सक्रिय सदस्यों का एक कैडर तैयार हुआ। पार्टी ने भारत में राजनीतिक दलों के भीतर प्रारंभिक एआई विंग स्थापित करने का भी दावा किया। यह चरण विस्तार से सुदृढ़ीकरण की ओर संक्रमण का प्रतीक था, जहां वृद्धि केवल संख्या में नहीं, बल्कि कार्यशील संरचना के निर्माण में निहित थी। संचालन के स्तर पर यह विस्तार सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के माध्यम से संचालित होता दिखता है। व्यक्तियों को शामिल कर उन्हें विशिष्ट भूमिकाएं दी गईं और एक बहु स्तरीय प्रणाली में एकीकृत किया गया, जो बूथ स्तर की गतिविधियों को निर्वाचन क्षेत्र नेतृत्व से जोड़ती है। आंतरिक प्रक्रियाएं सामंजस्य, निरंतरता और बनाए रखने पर केंद्रित रहीं, जिससे संगठन विभिन्न क्षेत्रों में स्थिरता के साथ कार्य करता रहा। इस प्रकार, संपर्क एक बार की गतिविधि न होकर निरंतर सहभागिता और एकीकरण की प्रक्रिया बन गया।

स्पष्ट रूप से, यहां विशेष बात केवल विस्तार की गति नहीं, बल्कि उसका संगठनात्मक ढंग है। पार्टी की वृद्धि उच्च दृश्यता वाले क्षणों या अल्पकालिक लामबंदी पर निर्भर नहीं दिखती, बल्कि संरचना और उपस्थिति के क्रमिक विस्तार पर आधारित है। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में निष्पादन की निरंतरता और समानता एक ऐसी योजना और समन्वय की ओर संकेत करती है, जो पारंपरिक राजनीतिक विस्तार से परे है, और जिसे अब राजनीतिक हलकों में डॉक कंसल्टिंग के साथ जोड़ा जा रहा है। यह परिघटना क्षेत्रीय राजनीति में एक व्यापक परिवर्तन की ओर संकेत करती है। पुडुचेरी का अनुभव यह दर्शाता है कि राजनीतिक विकास केवल रैलियों या अल्पकालिक दृश्यता पर निर्भर नहीं होता, बल्कि संरचना, स्पष्टता और सतत क्रियान्वयन के माध्यम से भी संभव है। जैसे जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा गहराती जा रही है, यह दृष्टिकोण उन दलों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है जो स्थायित्व और दीर्घकालिक प्रासंगिकता की तलाश में हैं।

**खबर का असरः अनोखा तीर की मुहिम रंग लाई**

# शिवहरे इंफ्रास्ट्रक्चर : अवैध उत्खनन पर 25 करोड़ की पेनाल्टी

## कलेक्टर की सख्ती से बेनकाब हुआ मुरुम माफिया का खेल

**अनोखा तीर, खरगोन।** जिले के गोगांवां तहसील अंतर्गत ग्राम मेहरजा और डाबरिया में मुरुम के अवैध उत्खनन का बड़ा मामला उजागर हुआ है, जिसमें सड़क निर्माण कंपनी एके शिवहरे इंफ्रा प्रा. लि., भोपाल द्वारा स्वीकृत सीमा से बाहर जाकर भारी मात्रा में खनन किया गया। इस पूरे प्रकरण को लेकर दैनिक अनोखा तीर द्वारा लगातार समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। खबर का असर यह रहा कि कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने तीन दिन तक मौके पर गहन जांच की। जांच में 1.71 लाख घनमीटर से अधिक मुरुम का अवैध उत्खनन सामने आया। सीमांकन के दौरान कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे पाए गए, जो नियमों के उल्लंघन को स्पष्ट करते हैं। इस मामले में करोड़ों रुपए की शास्ति प्रस्तावित की गई है, जिससे जिले में हड़कंप मच गया है और अब प्रशासनिक कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।







खरगोन जिले के गोगांवा तहसील अंतर्गत ग्राम मेहरजा और डाबरिया में मुरुम के अवैध उत्खनन का बड़ा मामला सामने आया है। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ दैनिक अनोखा तीर द्वारा लगातार प्रकाशित खबरों ने इस पूरे मामले को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई। दैनिक अनोखा तीर ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए मेहरजा क्षेत्र में मुरुम माफिया का बेलगाम आतंक जारी शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आया और प्रशासन हरकत में आया।

लगातार खबरों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तीन दिनों तक मौके पर रहकर सभी खसरों का बारीकी से सीमांकन और जांच की।

### तीन दिन की जांच में खुला बड़ा घोटाला

संयुक्त जांच में सामने आया कि कंपनी एके शिवहरे इंफ्रा प्रा.लि., भोपाल ने स्वीकृत सीमा से बाहर जाकर शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने पर मुरुम का अवैध उत्खनन किया। कंपनी ने 1.71 लाख घनमीटर से ज्यादा अवैध उत्खनन किया। संयुक्त निरीक्षण में कुल 1,71,118 घनमीटर मुरुम का अवैध उत्खनन पाया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान कंपनी का प्रतिनिधि रमेश पाटीदार मौके पर मौजूद था, लेकिन उसने पंचनामे पर हस्ताक्षर करने से साफ इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को और संदेहास्पद बना दिया है तथा जांच की गंभीरता को और बढ़ा दिया है।

### राजस्व अमले और खनिज विभाग की जांच में अहम भूमिका

इस पूरे मामले में गोगांवा तहसील के तहसीलदार, पटवारी और आरआई सहित राजस्व अमले की भूमिका अहम रही। इनके साथ खनिज निरीक्षक प्रियंका अजनारे ने मौके पर जांच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। खनिज निरीक्षक प्रियंका अजनारे ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट खनिज अधिकारी सावन चौहान को प्रस्तुत की। इसके बाद यह रिपोर्ट जिले की कलेक्टर भव्या मित्तल को भेजी गई। कलेक्टर के संज्ञान में आते ही हुई ऐतिहासिक कार्रवाई। रिपोर्ट सामने आने के बाद कलेक्टर भव्या मित्तल ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया और इसी के आधार पर जिले में अवैध उत्खनन के खिलाफ यह ऐतिहासिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### इनका कहना है -



● जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जिले में पारदर्शिता व कानून का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है।
— श्रीमती भव्या मित्तल, कलेक्टर, खरगोन



● अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन को लेकर विभाग ने नियमानुसार सख्त कार्रवाई की है। जांच में स्पष्ट अनियमितताएं पाई गई हैं, जिसके आधार पर अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।
— सावन चौहान, खनिज अधिकारी, खरगोन

### जिले में ऐतिहासिक कार्रवाई, सबसे बड़ी राजस्व वसूली

यह प्रकरण अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के रूप में सामने आया है, जिसमें करोड़ों की शास्ति प्रस्तावित की गई है। प्रशासन ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए कंपनी पर 12.83 करोड़ रुपए रॉयल्टी का 15 गुना अर्थदंड और उतनी ही राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में अधिरोपित की है। इस प्रकार कुल 25 करोड़ 66 लाख 77 हजार रुपए की भारी-भरकम वसूली तय की गई है। इसके साथ ही कंपनी को 1000 रुपए प्रशमन शुल्क जमा कर 15 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सार-समाचार

### गुड़ी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर, 12वीं में 88 प्रतिशत सफलता

**अनोखा तीर, खंडवा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुड़ी का वर्ष 2026 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें 12वीं कक्षा का परिणाम 88 प्रतिशत और 10वीं का 87 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में शामिल 70 परीक्षार्थियों में से 62 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जबकि 10वीं कक्षा के 73 में से 61 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। 12वीं के 8 और 10वीं के 12 विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर मिलेगा। मेधावी विद्यार्थियों में 12वीं से सिमरन गजेन्द्र ने 88 प्रतिशत, कुमकुम रामनारायण ने 83.8 प्रतिशत और हर्ष हौसीलाल ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10वीं में वंदना रामनारायण ने 89 प्रतिशत, लक्ष्मी मगन ने 87.8 प्रतिशत और ईश्वरी मनोज बावने ने 87.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। शासन की योजना के तहत सिमरन गजेन्द्र और हर्ष हौसीलाल स्कूटी के पात्र बने, जबकि 11 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के आधार पर लैपटॉप योजना का लाभ मिलने की पात्रता प्राप्त हुई।

### राठौर समाज ट्रस्टी चुनाव कल, मुकाबला रोचक

**अनोखा तीर, खंडवा।** राठौर सकल पंच ट्रस्टी पदों के लिए 18 अप्रैल को नीलकंठेश्वर कॉलेज परिसर में मतदान होगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस चुनाव को लेकर समाज में खासा उत्साह और गहमागहमी बनी हुई है। चुनाव में समाज के वरिष्ठ, व्यवसायी और युवा वर्ग के कई प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें गोविंद राठौर, रमेशचंद राठौर, बद्रीचंद राठौर, गिरीश राठौर जैसे अनुभवी नामों के साथ सुभाष राठौर, दीपक राठौर, कमलेश राठौर और संदीप राठौर जैसे व्यवसायी तथा अमित राठौर, महेश राठौर, प्रदीप राठौर और भावेश राठौर जैसे युवा प्रत्याशी शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार महेश कुमार राठौर, सुरेश राठौर, मुकेश राठौर, राजेश राठौर, दीपेंद्र राठौर, अशोक राठौर, राहुल राठौर, दीपक राठौर, अमित राठौर, सुभाष राठौर और विजय राठौर सहित कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। प्रत्याशियों ने प्रचार के दौरान ट्रस्ट में पारदर्शिता, सामाजिक संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में जरूरतमंदों की सहायता जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। मतदान के लिए कॉलेज परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी को देखते हुए पेयजल और छाया की व्यवस्था भी की गई है। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे, जिस पर समाज की नजरें टिकी हैं।

### वसूली मामले में पत्रकार को अग्रिम जमानत, कार्रवाई पर सवाल

**अनोखा तीर, खंडवा।** सिंगापुर सिटी कॉलोनी से जुड़े 20 लाख रुपए की कथित वसूली मामले में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पत्रकार गौरव जैन को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने पुलिस कार्रवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही की जानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। सिटी कोतवाली थाना में दर्ज प्रकरण में बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि गौरव जैन ने कॉलोनी की अनियमितताओं को लेकर समाचार प्रकाशित किया था, जिसके चलते रंजिशवश झूठा मामला दर्ज कराया गया। साथ ही 5 अप्रैल को उनके इंदौर में होने के साक्ष्य भी अदालत में प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि पुलिस ने नोटिस देने जैसी आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया और सीधे गिरफ्तारी की बात कही। केस डायरी में भी गिरफ्तारी के ठोस कारण दर्ज नहीं पाए गए। इस आधार पर अदालत ने 30 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत मंजूर की। इधर, सिंगापुर सिटी कॉलोनी में अनियमितताओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। क्लब हाउस की जगह व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने और अन्य निर्माण को लेकर नोटिस जारी होने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अक्षय तृतीया पर 10 साधु-संतों को आहार दान का अवसर

**अनोखा तीर, खंडवा।** अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को खंडवा समाज को 10 साधु-संतों को आहार दान का सौभाग्य प्राप्त होगा। मुनि आदित्यसागर ससंघ के सानिध्य और पंचकल्याणक महामहोत्सव की पूर्णाहुति के बाद यह अवसर समाज के लिए विशेष माना जा रहा है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि आचार्य विभवसागर ससंघ का मंगल विहार भुसावल से इंदौर की ओर जारी है। संघ बुरहानपुर होते हुए 19 अप्रैल को खंडवा पहुंचेगा। शुक्रवार को आहारचर्या पंधाना में हुई और रात्रि विश्राम ग्राम चमाटी में रहा। शनिवार को आहार विधि आबुद में होगी, इसके बाद संघ खंडवा में प्रवेश करेगा। खंडवा समाज एवं मुनि सेवा समिति के युवा विहार ग्रुप ने बोरगांव बुजुर्ग पहुंचकर आचार्य संघ का स्वागत किया और श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुनील जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया पर साधु-संतों को आहार दान देना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर आहार दान का सौभाग्य शानू, योगेंद्र जैन, अर्चित जैन, श्रद्धा, मनीष, करिश्मा और आनंद जैन सराफा परिवार को प्राप्त होगा।

### सक्षम खंडवा की नई कार्यकारिणी गठित

**अनोखा तीर, खंडवा।** दिव्यांगजनों की सेवा में सक्रिय सक्षम मालवा प्रांत की खंडवा इकाई की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। प्रांत अध्यक्ष संतोष साबू, सचिव गोविंद नागर और सह सचिव हर्ष शर्मा की अनुशंसा पर नारायण बाहेती को पुन: अध्यक्ष, रविंद्र चौहान को सचिव तथा राजीव शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। रोहित पटेल को जिला युवा आयाम प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। संरक्षक के रूप में योगेश कोटवाले और सुरेंद्र सिंह को दायित्व दिया गया। उपाध्यक्ष पद पर राजीव मालवीय, अनिल बाहेती और आशा उपाध्याय, सह सचिव उज्ज्वला मुंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष पारे तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, सुनील जैन, डॉ. राधेश्याम पटेल, घनश्याम वाधवा, मदन चौधरी, विजय बिल्लोरे, विवेक पाटीदार और अंजलि शिंदे को शामिल किया गया। नारायण बाहेती ने बताया कि संस्था दिव्यांगजनों के हित में सेवा गतिविधियों के साथ नेत्रदान, देहदान और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से जागरूकता, अधिकारों की जानकारी तथा समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रांतीय कार्यशाला में खंडवा इकाई के कार्यों की सराहना भी की गई।




## निर्मल विद्या पीठ का उत्कृष्ट परिणाम, स्कूल के टॉपर्स ने विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

**अनोखा तीर, बड़वाह।** निर्मल विद्या पीठ, बड़वाह के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में आदित्य पगारे 92.6 प्रतिशत, याना जैन 92.0 प्रतिशत एवं तनु शर्मा 91.8 प्रतिशत ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी उच्च अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 40 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य आशीष झा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय के डायरेक्टर प्रतीक जैन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने का प्रयास करता रहेगा। उप प्राचार्य श्रीमती सिम्मी शेख ने भी विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उवल भविष्य की कामना की।



## ग्राम मलगांव में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** ग्राम पंचायत मलगांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा, पीयूष भावे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्रामीणजनों को विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर विस्तृत एवं सरल जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव पीयूष भावे ने अपने संबोधन में बाल विवाह निषेध कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में सहयोग करें। श्री भावे ने बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराना कानूनन अपराध है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे एवं अन्य पात्र व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रेरणा सम्मान समारोह में शामिल होंगे मंत्री सिलावट



**अनोखा तीर, खंडवा।** जनसेवा और प्रेरणा के उद्देश्य से 'तुलसी सिलावट प्रेरणा मंच' द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान हेतु भव्य समारोह शनिवार को गौरी कुंज सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में खेल, चिकित्सा, विधि और समाज सेवा क्षेत्र की विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। समाज सेवा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट होंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल तोमर, महापौर श्रीमती अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे, नारायण पटेल, छाया मोरे और जिपं अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। मंच अध्यक्ष राहुल मेहता के अनुसार आयोजन का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर चयनित खिलाड़ियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री तुलसीराम सिलावट शनिवार को बुरहानपुर से कार द्वारा खंडवा पहुंचेंगे। वे दोपहर 3:30 बजे समारोह में शामिल होंगे और शाम 4:30 बजे इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजन समिति ने नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## कलेक्टर ने ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर व्यवस्थाएं देखीं

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार सुबह ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर वहां सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा के अलावा पीडब्ल्यूडी, मध्यप्रदेश पर्यटन निगम, राजस्व विभाग, नगर परिषद ओंकारेश्वर के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ओंकार पर्वत पर संचालित विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परिक्रमा पथ पर स्थित आनंदमई आश्रम मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और मार्ग पर हैवी रोलर चलाकर लेवलिंग कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पर्यटन निगम के अधिकारियों को पथ में लगे गीता शिलालेखों को सुरक्षित रूप से वापस स्थापित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जो शिलालेख पूर्व में क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, उनके स्थान पर नए शिलालेख लगाए जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ओंकार पर्वत स्थित परिक्रमा पथ में बने यात्री विश्रामालय की साफ - सफाई व रिपेयरिंग कराने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को ओंकार पर्वत पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सड़क के दोनों ओर पौधारोपण कराने के निर्देश भी इस दौरान दिए।



## 'गरीबनवाज' कहानी संग्रह का हुआ लोकार्पण

**अनोखा तीर, खंडवा।** कहानीकार केवल कल्पना का संसार नहीं रचता, बल्कि अपने समय से आगे देखने की विशेष दृष्टि भी रखता है। यह बात संतोष चौबे ने अपने कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' पर चर्चा के दौरान कही। कार्यक्रम में अजय साकल्ले के कविता संग्रह 'एकांत में शोर' और सृजन शिविर की रिपोर्ट का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अरुण रमेश जोशी ने कहा कि युवा पीढ़ी में लेखन संस्कार विकसित करने के लिए लेखन सृजन कार्यशालाएं नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएंगी। स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने साहित्यकारों और पाठकों के बीच संवाद को निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया। व्यंग्यकार कैलाश मंडलेकर ने 'गरीबनवाज' पर समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि संतोष चौबे की कहानियों में आधुनिक और पारंपरिक मूल्यों का संतुलित समावेश दिखाई देता है। वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने कहा कि उनकी कहानियों में दृश्यात्मकता किसी फिल्म जैसी प्रतीत होती है। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया तथा संयोजन गीतिका चतुर्वेदी का रहा। अंत में आभार श्याम सुंदर तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर के साहित्यकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## जिले में आबकारी, यातायात व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कार्रवाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 16 अप्रैल को जिले में व्यापक कार्रवाई की गई। विभिन्न थानों द्वारा कुल 5 गिरफ्तारी वारंट, 27 जमानती वारंट और 46 समंस तामील किए गए। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना हससूद व किल्लौद क्षेत्र में पांच आरोपियों से देशी शराब व कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। मदनसिंह, देवीसिंह, रामभरोस और संदीप सहित आरोपियों के कब्जे से कुल मिलाकर शराब की खेप जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, नंबर प्लेट, बीमा एवं अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 9,900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस ने नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों में 24 असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर कई आरोपियों को बाउंड ओवर किया गया है।

## महिला से दुष्कर्म प्रयास व चाकूबाजी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनोखा तीर, खंडवा।** पंधाना थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और चाकूबाजी करने वाले आरोपी आकाश पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 11 अप्रैल की रात घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। विरोध करने पर महिला पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के समय पीड़िता का पति बाहर था, जिसकी जानकारी आरोपी को सोशल मीडिया स्टेटस से मिली थी। घायल महिला पिछले छह दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी सर्जरी की गई है। मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी और लापरवाही बरतने पर हेड कॉन्स्टेबल हीरालाल ब्राह्मणे को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित परिवार ने पहले आरोपी के राजनीतिक प्रभाव के कारण कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया था। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने आरोपी से किसी भी प्रकार के संबंध से इनकार करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओंकारेश्वर में जयपुर से आए युवकों को होमगार्ड जवानों ने डूबने से बचाया

**अनोखा तीर, खंडवा।** शुक्रवार को ओंकारेश्वर में राजस्थान के जयपुर से आये 2 युवक सूर्यनारायण पिता बंशीधर उम्र 40 वर्ष और राजू पिता सुंदरराम उम्र 32 वर्ष ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान करने के लिए गए, जो स्नान करते करते गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। शोर होने पर घाट पर तैनात एसडीईआरएफ जवान सेवक परिहार और हरिराम सोलंकी ने तुरंत नाव से रेस्क्यू किया, जिससे युवकों की जान बचाई जा सकी। दोनों युवकों ने जान बचाने के लिए होमगार्ड और एसडीईआरएफ जवानों का आभार प्रकट किया। होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुशवाहा ने बताया कि अमावस्या पर्व पर ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या देखते हुए नर्मदा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एसडीईआरएफ और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है।

## किसान संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा, आंदोलन की चेतावनी

**अनोखा तीर, खंडवा।** भारतीय किसान संघ की खंडवा तहसील की बैठक नई अनाज मंडी में आयोजित हुई, जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में स्लॉट बुकिंग में आ रही परेशानियों और नरवाई के दौरान बिजली कंपनी की लापरवाही से खेतों में आग लगने की घटनाओं पर किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने आरोप लगाया कि आग की घटनाओं के बावजूद उन्हें ही जबरन प्रकरणों में फंसाया जा रहा है। इस पर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पाटीदार, जिलाध्यक्ष राधेश्याम चाचारिया, तहसील अध्यक्ष संदीप सिंह सोलंकी सहित सुभाष पटेल, दीपक पटेल, श्रीकांत गोखले, शैलेंद्र सिंह, अखलेश सिंह, दिनेश महाजन, रामसिंह देवड़ा, कुलदीप पटेल और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जनगणना के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अनोखा तीर, सोहागपुर।** जनगणना कार्य के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर के सेंट पैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी रामकिशोर झड़बड़े के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रथम बैच के अंतर्गत कुल 21 सुपरवाइजर एवं 125 प्रगणकों ने भाग लेकर आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलन, संबंधित नियमों तथा फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर के रूप में राकेश रघुवंशी, रामकिशोर दुबे, जितेंद्र तिवारी, राहुल तिवारी, विपिन गिल्ला एवं विजेंद्र वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं जनगणना टीम में अमित कुमार मिश्रा, उमेश रघुवंशी एवं अविनाश डोंगरे का सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए फील्ड विजिट भी कराई गई, जिससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने की समझ विकसित हो सके। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सेवा भाव की शपथ दिलाई गई। उन्होंने प्रत्येक नागरिक की जानकारी को गोपनीय रखने तथा जनगणना कार्य को ईमानदारी, निष्ठा एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का संकल्प लिया।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत महिला नेतृत्व शिक्षा से सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य का महिला नेतृत्व कौशल और सशक्तिकरण भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कंचन ठाकुर ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी देते हुए छात्राओं को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पोस्टर वर्ग में 10 एवं निबंध वर्ग में 13 छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में निर्मला राजपूत प्रथम, प्रज्ञा सकेरिया द्वितीय एवं मीरा चौहान तृतीय स्थान पर रही। वहीं निबंध प्रतियोगिता में तृप्ति मालवीय प्रथम, निर्मला राजपूत द्वितीय एवं प्रीति चौरे तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. आरके चौकीकर, डॉ. हर्षा चचाने एवं कुमारी काजल बाथरे उपस्थित रहीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता में डॉ. मनीषा तिवारी, डॉ. विजया देवास्कर एवं डॉ. मनीष चंद्र चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संयोजन मनीषा बाघमारे ने किया। साथ ही डॉ. प्रीती जोशी, डॉ. कीर्ति दीक्षित, प्रीति मालवीय एवं सुश्री पूजा गोस्वामी का सक्रिय सहयोग रहा।

### नवांकुर संस्था ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती




**अनोखा तीर, माखन नगर।** मप्र जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यंस सेवा समिति विकासखंड माखननगर द्वारा सेक्टर बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सुरेश यादव ने आयोजन के उदेश्य एवं रूपरेखा के बारे में बताकर स्वागत उद्बोधन किया। अतिथि मनीष चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मुख्य रूप से दलितों के उत्थान, सामाजिक न्याय और समानता के लिए के लिए समाज में कार्य किया है, उन्होंने समान शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की वकालत की, वह स्वतंत्रता के बाद भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री थे। इन सबसे ऊपर, अंबेडकर जी ने भारत के संविधान को बनाने में एक केंद्रीय भूमिका भी निभाई थी, वे प्रतिभावान व्यक्तित्व थे, वे एक राजनीतिज्ञ, न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। देश सेवा के लिए किये गए त्याग, समर्पण एवं समाज सुधार के लिये आज अंबेडकरजी को याद किया जाता है। भारत के ऐसे महान व्यक्ति को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। हमें अंबेडकरजी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के विकास के लिए के लिए कार्य करना चाहिए।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** क्षेत्र के ग्राम गूजरखेड़ी में एक युवक की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटे पिता कारेलाल मालवीय 18 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### गजेन्द्र को सुयश



**अनोखा तीर, माखन नगर।** क्षेत्र के ग्राम बज्जरवाड़ा निवासी गजेंद्र यादव ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गजेन्द्र के पिता दिनेश यादव कृषक हैं एवं माता भूरियाबाई यादव गृहणी है। गजेन्द्र की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# 10 करोड़ से बनेगा कन्या महाविद्यालय का आधुनिक भवन, निर्माण कार्य शीघ्र शुरू

#### निरीक्षण में नपाध्यक्ष ने दिए गुणवत्ता और ड्रेनेज के निर्देश



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर में बालिकाओं की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने के लिए कन्या महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण शीघ्र शुरू होने जा रहा है। लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से बीज निगम परिसर में सेंट्रल स्कूल के पीछे दो मंजिला अत्याधुनिक भवन बनाया जाएगा। गुरुवार को एमपीबीडीसी के अधिकारियों, कॉन्ट्रैक्टर एवं तकनीकी टीम ने प्रस्तावित स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष रितेश जैन ने निर्माण की गुणवत्ता, भविष्य की जरूरतों और व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भवन -** प्रस्तावित डिजाइन के अनुसार भवन में आधुनिक स्मार्ट कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण किया जाएगा। भवन को नवीनतम तकनीक से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि छात्राओं को उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण मिल सके। स्थल की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जलभराव से बचाव के लिए विशेष ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा। नपाध्यक्ष रितेश जैन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में जल निकासी की कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में भवन में दो से तीन अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण संभव है। इसलिए वर्तमान निर्माण कार्य का बेस इतना मजबूत और दीर्घकालिक बनाया जाए कि भविष्य में विस्तार कार्य में कोई बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान एमपीबीडीसी के मैनेजर मोहित जाटव, कॉन्ट्रैक्टर संजय नरकुम, आर्किटेक्ट सुनील बुंदेला, प्राचार्य उमेश धुर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने की प्रतिबद्धता जताई। कन्या महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद से ही संस्कृति परिवार ने इस परियोजना को साकार करने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। उपयुक्त स्थान के चयन से लेकर विभिन्न प्रक्रियाओं एवं समन्वय में संस्था का विशेष योगदान रहा है। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र की बेटियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

## गृह विज्ञान महाविद्यालय में सकोरे अभियान का शुभारंभ

#### भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए इको क्लब की पहल

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही बेजुबान पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने इको क्लब द्वारा सकोरे अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों एवं वृक्षों पर पक्षियों के लिए मिट्टी के पात्र (सकोरे) रखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं अपने हाथों से सकोरे बांधकर विद्यार्थियों को जीव-दया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. जैन ने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण न केवल मनुष्यों बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी जल संकट उत्पन्न हो जाता है। प्रकृति के संतुलन में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, ऐसे में यह छोटा प्रयास उनकी प्यास बुझाने के साथ विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण के भाव को भी मजबूत करेगा। इको क्लब की प्रभारी डॉ. वैशाली लाल ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा यह अभियान प्रतिवर्ष संचालित किया जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे पक्षियों के प्रति दया और करुणा का भाव रखते हुए अपने घरों एवं मोहल्लों में भी दाना-पानी की व्यवस्था करें। कार्यक्रम में इको क्लब समिति के सदस्य डॉ. मनीष चौधरी, डॉ. वंदना मगरदे, डॉ. राहुल चौहान, डॉ. प्रदीप चौहान सहित प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से सकोरों में स्वच्छ पानी भरकर पक्षियों को गर्मी से राहत पहुंचाएंगे।



## लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम की कार्यवाही

#### नर्मदापुरम की नारी शक्ति ने शमिल होकर नजदीक से देखी संसद की कार्यवाही

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** संसद में ऐतिहासिक बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने की जारी कार्यवाही को देखने के लिए संसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में उनके संसदीय क्षेत्र से पांच महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिसमें होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से प्रदेश सहकार्यालय मंत्री महिला मोर्चा ललिता पुर्विया, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा इटारसी जागृति भदौरिया, भाजपा नेत्री वंदना दुबे शामिल हैं। सभी ने संसद में होने वाली कार्यवाही को नजदीक से देखा। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि नारी शक्ति वंदन के तहत शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम की संसद में कार्यवाही की हम महिलाएं साक्षी बनी हैं। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि हमारे क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी की विशेष अनुशंसा पर हमें इस गौरवमयी क्षण में शामिल होने का मौका मिला है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पूर्व मंडल रोहित गौर आदि उपस्थित रहे।



## भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव पर निकली भव्य वाहन रैली

#### शहर में गूंजे जय परशुराम के जयघोष



**अनोखा तीर, इटारसी।** भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर शुक्रवार शाम शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज एवं परशुराम सेना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के युवा, बच्चे, वरिष्ठजन एवं महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। करणी सेना एवं राजपूत समाज के युवाओं ने भी सामाजिक सद्भाव का परिचय देकर रैली में हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ सीपीई गेट खेड़ापति मंदिर से हुआ, जो पुरानी इटारसी ओवरब्रिज, इटारसी थाना, नीलम होटल चौराहा, आरएमएस चौराहा, जयस्तंभ चौक, सराफा बाजार नवमी लाइन, न्यास कॉलोनी, लाल ग्राउंड रोड, सूरजगंज चौराहा होते हुए पुनः जयस्तंभ चौक पर पहुंचकर समापन हुआ। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों से सजी रैली में युवाओं ने भगवा एवं पीतांबर ध्वज लहराते हुए सनातन धर्म और संस्कृति का संदेश दिया। युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा-साफा, पगड़ी, कुर्ता-धोती पहनकर अपनी आस्था और गौरव का प्रदर्शन किया। पूरे मार्ग में जय जय परशुराम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर नागरिकों ने अभिनंदन किया। आयोजन का नेतृत्व परशुराम सेना के संरक्षक जितेंद्र ओझा द्वारा किया गया। वाहन रैली के संयोजक दिनेश उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे एवं प्रकाश दुबे रहे। इस अवसर पर पीयूष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें धर्म, साहस और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। हमें गर्व है कि इतनी बड़ी संख्या में समाजजन इस आयोजन में शामिल हुए।

### भीषण गर्मी के चलते स्कूल समय में बदलाव, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

#### अब सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब जिले के सभी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। नए आदेश के तहत सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बढ़ते तापमान के कारण विद्यार्थियों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि बच्चों को लू और गर्मी से बचाया जा सके। सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे नए समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

## जिले के मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

#### बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 52 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत




**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में जिपं सभागृह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सीतासरन शर्मा, जिपं अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विधायक शर्मा ने अपने संबोधन में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। वहीं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने की प्रेरणा दी। समारोह में हाई स्कूल परीक्षा के 31 तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा के 21 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति ने स्वागत भाषण देते हुए जिले के परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 78.29 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 81.65 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश नंदन व्यास ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला परियोजना समन्वयक राजेश जायसवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, माखन नगर।** मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नगर के सेक्टर 02 एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति द्वारा ग्राम गनेरा में नारी शक्ति अधिनियम पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू छात्र कृष्ण कुमार झा, महिला बाल विकास सुपरवाइजर श्रीमती कमलेश वर्मा सेक्टर प्रभारी एवं परामर्शदाता हर्ष तिवारी, सीएमसीएलडीपी छात्रा सुनीता मीणा, ललिता मीणा, राधिका मीणा, रानी विश्वकर्मा, शिल्पा राजपूत, यशोदा अहिरवार, रंजन परसाई, राजकुमारी यादव आदि ग्रामवसी मौजूद थे। सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन-अर्चन कर सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए। साथ ही सभी को जल गंगा अभियान की जानकारी प्रदान की गई।

## नारी वंदन कार्यक्रम में ही लाड़ली बहनों को थाने में किया बंद, पुलिस ने लगाया ताला

#### ज्ञापन देने पहुंची आशा-ऊषा कार्यकर्ता बोलीं - शांतिपूर्ण तरीके से समस्या बताना चाहती थीं, सीएम तक पहुंचने ही नहीं दिया



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को सिवनी मालवा में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन और विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन के लिए कृषि उपज मंडी पहुंचे थे। मंच से नारी सशक्तिकरण की घोषणाएं हुईं, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर ही विरोधाभास की तस्वीर सामने आई। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने आईं आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने थाने में बंद कर दिया। आशा-ऊषा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष बबीता सोनी ने बताया कि वे महिला साथियों के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने सिवनी मालवा पहुंची थीं। आरोप है कि डोलरिया पुलिसकर्मी सुबह उनके घर भी गई थीं। बबीता सोनी ने कहा, हम अस्पताल परिसर में एकत्र थीं। वहां से प्रशासन ने हमें षड़यंत्रपूर्वक थाने लाकर बंद कर दिया और ताला लगा दिया। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का ज्ञापन सीएम को देने आए थे। सीएम के कार्यक्रम में सड़क, भूमिपूजन और लोकार्पण के साथ नारी शक्ति वंदन अभिनंदन मुख्य था। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उसी कार्यक्रम में पहुंची लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री तक जाने से रोक दिया गया। उन्हें अपमानित करके बीच रास्ते से जबरन थाने में बंद कर दिया गया। कार्यकर्ताओं के अनुसार वे तीन मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन देना चाहती थीं। मानदेय में बढ़ोतरी, नियमितीकरण, कार्य के दौरान सुरक्षा। घटना के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। कार्यकर्ताओं ने पूछा कि जब नारी सशक्तिकरण के कार्यक्रम में ही महिलाओं की आवाज़ दबाकर थाने में बंद कर दिया जाए तो 'वंदन-अभिनंदन' का मतलब क्या रह जाता है।

प्रदेश सरकार का दावा है कि सरकार 'लाड़ली बहनों' के दम पर बनी है, ऐसे में उन्हीं बहनों को समस्या बताने से रोकना कौन सा न्याय है। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे किसी तरह का विरोध या हंगामा नहीं कर रही थीं, सिर्फ ज्ञापन देना चाहती थीं। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम पर जिला प्रशासन या पुलिस का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम समाप्त कर लौट चुके हैं। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगी और इस 'अपमान' को हर मंच पर उठाएंगी।

## सार-समाचार

### नगर परिषद में अनियमितताओं पर बड़ा एक्शन, 7 दिन में जांच रिपोर्ट

**अनोखा तीर, बैतूल।** नगर परिषद चिचोली में सामने आए वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के गंभीर आरोपों पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। वार्ड क्रं. 15 की पार्षद श्रीमती नेहा रूपेश आर्य द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र के आधार पर विभाग के प्रमुख अभियंता प्रदीप एस मिश्रा ने संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि पूरे मामले की जांच कर 7 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद चिचोली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अध्यक्ष के साथ मिलकर पिछले 4-5 वर्षों में अनेक कार्य वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों के साथ किए गए हैं, जो नियमों के विरुद्ध हैं। शिकायत में शामिल 13 बिंदुओं का हवाला देते हुए विभाग ने माना है कि मामला गंभीर है और उच्च स्तर पर जांच आवश्यक है। शिकायत में जैम पोर्टल के माध्यम से बाजार से अधिक दरों पर सामग्री खरीदी, टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, एलईडी हाईमास्ट लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी, कोंढर घाट मोक्षधाम पर कुर्सी खरीदी में फर्जी भुगतान, और वार्ड क्रं. 9 स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों में राशि आहरित होने के बावजूद अधूरे कार्य जैसे मामलों का जिक्र किया गया है। इसी तरह सीमित फर्मों को बार-बार कार्य दिए जाने, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी, बारंगवाड़ी मोक्षधाम पर घटिया निर्माण, सड़कों के निर्माण में तकनीकी गड़बड़ी और अधिक लागत पर टेंडर स्वीकृत किए जाने के आरोप भी शिकायत में शामिल हैं। साथ ही साप्ताहिक और दैनिक बाजार वसूली में फर्जीवाड़ा, बिना रसीद वसूली, कम आय दर्शाना, मशीनरी कार्यों में फर्जी घंटों के बिल, और फर्जी मस्टरोल बनाकर गैर-कार्यरत कर्मचारियों को भुगतान करने जैसे आरोप भी जांच के दायरे में लाए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के इस आदेश के बाद पूरे मामले में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। अब 7 दिन में आने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी, जिससे यह स्पष्ट होगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

### विश्व विरासत दिवस पर कल सभी संग्रहालयों और स्मारकों में नि :शुल्क प्रवेश

#### अपनी वैभवशाली ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासतों से जुड़ें : मंत्री लोधी

**अनोखा तीर, भोपाल।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स से पोस्ट कर बताया कि विश्व विरासत दिवस के विशेष अवसर पर आज 18 अप्रैल शनिवार को पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, भोपाल के अधीन आने वाले प्रदेश के सभी संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। यह सुविधा सभी पर्यटकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे वे बिना किसी टिकट के मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत का अवलोकन कर सकेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी प्राचीन कला, वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं के प्रति जागरूक करना है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी वैभवशाली ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासतों से जुड़ें।

### सूने मकान को टारगेट कर नकाबजनी चोरी करने वाली गैंग का खुलासा

#### आरोपियों की तलाश में पुलिस ने खंगाले लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे

**अनोखा तीर, कन्नौद।** ग्रामीण क्षेत्रों में सूने मकान में चोरी की वारदात होने से पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती सौम्या जैन तथा अनुविभागीय अधिकारी आदित्य तिवारी को इस प्रकार के अपराधियों के विरुद्ध कार्य योजना बनाकर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। इसके पालन में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम किलोदा तथा कलवार मे हुई चोरी की घटना पर घटनास्थल का निरीक्षण तथा अपराधियों का रूट मैप ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे ग्रामीण क्षेत्र के 500 सीसीटीवी कैमरा के आधार पर तैयार किया गया इसके अतिरिक्त पुलिस के परंपरागत तरीकों तथा तकनीकी आधारों पर पुलिस टीम द्वारा यह पता कर लिया गया कि उक्त घटना देवास जिले के पीपलरावा के अपराधियो द्वारा की गई है पुलिस थाना कन्नौद की पुलिस टीम द्वारा कंजर डेरा पिपलरावा में दबिश दी गई परंतु आरोपी पुलिस की सूचना पाकर भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस टीम द्वारा विशाल पिता फूलसिंह उर्फ सुनिल कंजर निवासी कंजर डेरा पिपलरावा को गिरफतार कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना कन्नौद क्षेत्र के ग्राम कलवार, किलोदा व अन्य स्थानों पर बाइक से घूम कर ग्रामीण क्षेत्रों में जो मकान में ताला लगा होता था, उसे तुरंत तोड़कर सोना चांदी की चोरी करना रेकी कर चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपीगण पुलिस को चकमा देने तथा पहचान छुपाने हेतु हेलमेट तथा दो-तीन शर्ट पहनते थे कुछ दूरी तय करने के बाद शर्ट वगेरा चेंज कर देते हैं परंतु पुलिस टीम को चकमा नहीं दे पाए और पकड़ में आ गए। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से लगभग 7 लाख चोरी किया गया मशरूका बरामद किया गया, आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे

## नव दांपत्य जीवन के सफर की शुरुआत से पहले की मां नर्मदा की परिक्रमा

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर की पावन धरा पर शिक्षक बालकृष्ण यादव के यहां जन्मे उनके पुत्र शिवम यादव ने जो साहसिक कार्य किया है इसके लिए कई पीढियों तक उनको स्मरण करेंगे। हम बात कर रहे हैं आज ऐसे ही एक शख्स शिवम बालकृष्ण यादव की जिन्होंने 30 नवंबर को अग्नि को साक्षी मानकर अपने जीवनसाथी रोशनी के साथ-सात फेरे लेकर विवाह के पवित्र बंधन में बंदे और महज 10 दिनों के बाद ही 10 दिसंबर को 3200 किलोमीटर की मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा पर धर्मपत्नी के साथ नर्मदा तट से पूजन अर्चन कर अपनी यात्रा प्रारंभ की। आपको बताना चाहते हैं कि भौतिकवादी इस पश्चात संस्कृति के दौर में जहां विवाह के बाद अक्सर नव दांपत्य युवा पीढ़ी अपनी अर्धांगिनी के साथ हनीमून मनाने अन्यत्र देश में पहुंचते हैं। लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी से जिस परिवार में संस्कार की गूंज है वहां जन्मे शिवम ने शादी के बाद मां नर्मदा की परिक्रमा का निश्चय किया और अपनी पत्नी के



साथ 130 दिनों में मां नर्मदा की संपूर्ण पैदल परिक्रमा यात्रा पूरी की। 17 अप्रैल सत्तू अमावस्या के दिन मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर में अपनी परिक्रमा का समापन कर मां नर्मदा को नमन करते हुए वंदन करते हुए पूजन आरती के पश्चात विशाल भंडारे की महाप्रसादी का भोग लगाकर सभी को महाप्रसादी वितरित कराई। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने भी नर्मदा तट पर पहुंचकर शिवम और रोशनी के नर्मदा परिक्रमा वासी के रूप में चरण स्पर्श किए और उन्हें बहुत शुभकामनाएं दी। हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र का यह सौभाग्य है कि ऐसे युवा जो भौतिकवादी युग में भी अपने भारतीय परिवेश को जीवित रखते हुए अलौकिक सुख देने वाली जगत जननी पुण्य सलिला मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकले शिवम और रोशनी युवाओं के लिए रोल मॉडल है। युगों युगों तक जिस प्रकार मां की निर्मल धारा बह रही है इसी प्रकार युवाओं में शिवम और रोशनी का नाम रहेगा उन्होंने दोनों का सम्मान किया। दादाजी सेवा भक्त मंडल खातेगांव ने गुरुदेव साधक संत दादाभाई के सानिध्य में नेमावर पहुंचकर प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, सीमा साहू ने भी परिक्रमा वासियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर 130 दिनों में 32 सौ किलोमीटर की अपनी नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लौटे शिवम यादव व रोशनी यादव ने बताया कि प्रतिदिन मां नर्मदा के दर्शन होते थे और जैसा शास्त्रों में कहा है कि नर्मदा का प्रत्येक तट जहां बाबा भोलेनाथ विराजे हैं प्रत्येक तट पर बाबा के दर्शन होते हैं मां नर्मदा का कंकर कंकर शंकर है जहां हजारों ऋषि मुनि मां की साधना करते हैं उनके अद्भुत दर्शन से जीवन अलौकिक हुआ परिक्रमा पूर्ण हुई।



### जनपद पंचायत में रोजगार शिविर का आयोजन

**अनोखा तीर, कन्नौद।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद ने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत कन्नौद में एसएससीआई लिमिटेड नीमच द्वारा सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाईजर की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 19 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिसमें 9 अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया। रोजनार मेले में चयन प्रक्रिया के लिए एसएससीआई लिमिटेड नीमच के प्रतिनिधि अरविन्द गुर्जर द्वारा संपूर्ण चयन प्रक्रिया संपादित की जाकर उनके द्वारा कंपनी की ओर से अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

### ट्रांसफार्मर हटाने पर विवाद, जेई पर अवैध वसूली के आरोप

**अनोखा तीर, बैतूल।** ग्राम पंचायत गोधना में बिजली कंपनी के जेई बलराम पंवार पर ट्रांसफार्मर हटाने और किसानों से अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। इस संबंध में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह इवने के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि सेमल नाला के पास बस्तीराम करोचे के खेत में लगा ट्रांसफार्मर जेई द्वारा हटाया गया और किसानों से पैसे देने पर ही दोबारा लगाने की बात कही जा रही है। किसानों ने विरोध करते हुए कनेक्शन जारी रखने का आग्रह किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। किसान चंदन यादव, आशीष यादव, कुलदीप यादव, रामदेव और बृजलाल के पास बिजली कनेक्शन की रसीदें मौजूद होने के



बावजूद बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। वहीं सुमरत कुमरे से 21 हजार 500 रुपए लेने के बाद भी रसीद नहीं देने का आरोप लगाया गया है। किसानों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि जेई द्वारा शिकायत करने पर किसानों को धमकाया जा रहा है और पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है।

### सीएमओ, मास्टर ट्रेनर व कर्मचारियों ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** नगर परिषद कांटाफोड़ के सभागृह में चल रहे जनगणना कार्य तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के पूर्व ही शासन द्वारा की गयी नयी व्यवस्था स्व-गणना की प्रक्रिया सभी प्रगणको और सुपर वायजर द्वारा पूर्ण कि गयी। स्व-गणना की प्रक्रिया नगर परिषद के सभी कर्मचारियों द्वारा भी अपने मोबाइल के माध्यम से की गयी। इस प्रकार लगभग 40 से 45 कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर ही स्व गणना का कार्य किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कांटाफोड़ मुकेश चौबे मुख्य नगर पालिका अधिकारी लोहारदा सतीश घावरी मास्टर ट्रेनर्स अखिलेश जोशी व




आशिष कुंडल द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं के मोबाईल से ही स्व-गणना करने हेतु लोगो को प्रेरित करने की बात कही मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुकेश चौबे ने बताया कि वर्तमान में जिले में जनगणना का कार्य संचालित हो रहा है तथा इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा स्व-गणना पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से सभी नागरिक घर बैठे ही अपनी जनगणना से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित एवं पूर्णतः गोपनीय है, जिसमें नागरिकों की निजता का विशेष ध्यान रखा गया है। 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। इन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्व-गणना पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें और स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें। इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक सटीक एवं सुगम बनेगी।



### 20 अप्रैल तक मक्का उठाव नहीं करने पर व्यापारियों के होंगे लाइसेंस निरस्त

#### मंडी सचिव को दिया कारण बताओं नोटिस

**अनोखा तीर, बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर मंडी भारसाधक एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी डॉ. अभिजीत सिंह ने कृषि उपज मंडी बैतूल में मक्का के चौकड़ों और माल के समय पर उठाव को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों की एसडीएम कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान नीलामी के बाद मक्का के उठाव में हो रही देरी से मंडी में उत्पन्न अव्यवस्थाओं पर गंभीर चर्चा हुई। एसडीएम डॉ. सिंह ने व्यापारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में हर हाल में माल का उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने व्यापारियों को 20 अप्रैल की शाम तक का अंतिम समय दिया है। यदि इस अवधि में मंडी परिसर से मक्का का उठाव नहीं होता है, तो संबंधित व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त करने, क्रय-विक्रय पर रोक लगाने सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में 24 घंटे के भीतर माल उठाव सुनिश्चित करना मंडी प्रशासन एवं मंडी सचिव की जिम्मेदारी है। इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर एसडीएम डॉ. सिंह ने मंडी सचिव सुरेश परते को 15 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि भविष्य में निर्धारित समयावधि तक मंडी प्रांगण से चौकड़ों का उठाव सुनिश्चित नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा शासन को होने वाली क्षति की वसूली मंडी सचिव के वेतन से की जाएगी। बैठक में प्रमुख व्यापारी निलेशलाल भिकुलाल गोपाल ट्रेडर्स, हीरालाल भिकुलाल, प्रमोद अग्रवाल, श्याम, पीयूष अग्रवाल, मनोज ईसरे, राजेश आहूजा, आरके अग्रवाल, रामकिशोर राठौर एवं मुकेश टेढ़िया, मुकेश राठौर उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति का अभूतपूर्व उत्साह पूर्ण पदयात्रा

#### बड़ी संख्या में महिलाओं ने की सहभागिता



**अनोखा तीर, बैतूल।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन किया गया। यह पदयात्रा न्यू बैतूल हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ होकर शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यू बैतूल हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित सभा में उपस्थित विशाल महिला समूह को विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगा सज्जन ऊईके, पूर्व विधायक श्रीमती सविता दीवान, पूर्व सांसद श्रीमती ज्योति धुर्वे, प्रमुख समाजसेविका डॉ. कृष्णा मौसिक, डॉ. सुजाता सिंह एवं श्रीमती तृप्ति बग्गा द्वारा संबोधित किया गया। वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के उद्देश्यों एवं नारी सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को जागरूक एवं संगठित रहने का संदेश दिया। सभा के पश्चात उपस्थित महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जो कार्यक्रम का आकर्षक केंद्र रहा। इसके बाद महिलाओं ने कतारबद्ध होकर अनुशासित ढंग से पदयात्रा प्रारंभ की, जो शहर के मार्गों से होते हुए शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम पहुंची। पदयात्रा के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। नारी शक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे आयोजन का भव्य स्वरूप और भी प्रभावी बन गया। समापन स्थल पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत आयोजित इस पदयात्रा में बैतूल की मातृशक्ति की उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी सहभागिता देखने को मिली, जिसने समाज में महिलाओं की बढ़ती जागरूकता, एकजुटता और सशक्त भूमिका को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।

# एमरल्ड पब्लिक स्कूल ने परीक्षा परिणाम से लहराया परचम

**अनोखा तीर, खातेगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर एमरल्ड पब्लिक स्कूल खातेगांव के विद्यार्थियों ने नगर खातेगांव सहित खातेगांव, कन्नौद एवं सतवास तहसील क्षेत्र में एक नया किर्तिमान कायम करते हुए सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करते हुए सफलता का परचम लहराया है। एमरल्ड पब्लिक स्कूल के संचालक आशीष बाथोले एवं श्रीमती आषिता बाथोले, विद्यालय के प्राचार्य आशीष अग्रवाल ने बताया कि कक्षा बारहवीं कामर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए प्रेरणा पंवार ने 94प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, द्वितीय स्थान पर सेजल चौबे ने 92.6प्रतिशत अंक अर्जित किए तथा तृतीय स्थान पर कृष्णम अग्रवाल ने 92.2प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। मेथ्स संकाय में प्रथम स्थान पर अमन मालवीय एवं केशव यादव 85.8प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अथर्व हथेल, केयुर मंगल एवं मेहक खान 85.4प्रतिशत, तृतीय स्थान पर अक्षत तोमर 83.8प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। बायोलॉजी संकाय में प्रथम स्थान पर अंजली मीणा 90.6प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर प्रेरणा जाट



PRATIGYA VISHNOI
93%



SARTHAK SHARMA
93%



PRERNA PANWAR
94%

83.4प्रतिशत, तृतीय स्थान पर किर्ती दीक्षित एवं माही शर्मा ने 81.6प्रतिशत अंकों के साथ अपना नाम अपने माता-पिता का नाम तथा अपने विद्यालय के नाम के साथ संपूर्ण क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कक्षा दसवीं एमपी बोर्ड में प्रथम स्थान पर सार्थक शर्मा 93प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अरमान खान 87.6प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर अंशु राजपूत 84.4प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल दिल्ली (सीबीएसई) द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं से प्रथम स्थान पर प्रतिज्ञा विश्नोई 93प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर सूर्यांश चौहान 92.4प्रतिशत, तृतीय स्थान पर विराज मालवीय 89.4प्रतिशत अंकों के साथ नया किर्तिमान कायम किया है। कक्षा बारहवीं मेधावी छात्रों की सूची में 40 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 100प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर विद्यालय में सभी विद्यार्थियों एवं पालकगण का सम्मान किया गया। एमरल्ड पब्लिक स्कूल के संचालक आशीष बाथोले एवं श्रीमती आषिता बाथोले ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के प्राचार्य आशीष अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों एवं पालकगण को संबोधित करते हुए हर्ष व्यक्त किया। बोर्ड कक्षाओं के सभी विषय शिक्षक एवं मेनेजमेंट ग्रुप से संतोष शर्मा, आनंद गुर्जर, अजय मालवीय, दयाराम कछावा, अजय पंवार, ताहिर खान, नवनीत बिल्लोरे, नरेन्द्र माली, लक्की राठौर, रेवा शंकर सारैया, विकास कछावा ने सराहनीय परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल कन्हैया पिपलादिया ने उपस्थित सभी पालकगणो, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार प्रकट किया ।

### कठिन परिश्रम का फल : उत्सव पंचोली ने 10वीं में हासिल किए 95.2 प्रतिशत अंक

**अनोखा तीर, कन्नौद।** नगर के छात्र उत्सव पंचोली पिता जागेश्वर पंचोली ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने कन्नौद ब्लॉक में द्वितीय स्थान एवं अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। उत्सव की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि



सफलता के लिए कठिन परिश्रम और धैर्य सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उनकी इस सफलता पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षकगण ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं गौरव रणदिवे मंचासीन रहे।

# मामी के प्यार के लिए भांजे ने कर दी मामा की हत्या

## पुलिस ने किया मामले का खुलासा



**अनोखा तीर, हरदा।** भांजे ने मामी के प्यार के लिए मामा की हत्या कर दी। महिला ने भांजे के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की साजिश रची। रात में पति के ठिकाने की जानकारी दी। भांजे ने मामा के सिर, आंख और मुंह पर वार कर हत्या कर दी। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रन्हाई गांव का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान रन्हाईकला निवासी विश्राम गाठे के रूप में हुई। मंगलवार रात करीब 10 बजे वह किसान मुकेश दोगने के खेत पर पानी देने गए थे। करीब एक घंटे बाद रात 11 बजे उनका शव खेत के गेट के पास मिला। शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे मामला संदिग्ध लगा।

**पोस्टमॉर्टम से राज खुला –** 15 अप्रैल को मृतक के बेटे कन्हैया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसे सूचना मिली थी कि पिता का एक्सीडेंट हुआ है। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि सिर, दाहिनी आंख और मुंह पर गंभीर चोटें थीं। खून बह रहा था। बेटे ने डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि चोटें हादसे से नहीं हो सकतीं, बल्कि हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया।

**मामा को मारकर खेत किनारे फैंका –** जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी क्षमाबाई और भांजे अजय बिल्लौरे के बीच पिछले छह साल से अवैध संबंध थे। अजय का घर में आना-जाना लगा रहता था। इसकी पुष्टि मृतक के बेटे ने अपने बयान में की। पुलिस जांच में पता चला कि विश्राम गाठे इन संबंधों का विरोध करते थे। वह पत्नी के साथ मारपीट भी करते थे। इसी कारण अजय बिल्लौरे ने साथी सचिन के साथ मिलकर 14 अप्रैल को हत्या की साजिश रची। दोनों आरोपी रात करीब 8 बजे बाइक से गांव पहुंचे। नहर के पास बैठकर इंतजार किया। रात करीब 11 बजे पत्नी क्षमाबाई ने फोन कर बताया कि पति खेत की रखवाली के लिए निकल चुके हैं।

**मामा का इंतजार किया, फिर हथौड़े से हमला किया –** लोकेशन मिलने के बाद दोनों आरोपियों ने विश्राम का पीछा किया। जैसे ही विश्राम गाठे ने मुकेश दोगने के खलिहान के सामने बाइक रोकी, सचिन निषोद ने उन्हें पकड़ लिया। अजय ने लोहे के हथौड़े से सिर पर कई वार किए। मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने वारदात में शामिल दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**पुलिस ने वारदात में शामिल 2 आरोपियों को अरेस्ट किया। –** मुख्य आरोपी अजय बिल्लौरे ने पूछताछ में बताया कि मामी से अफेयर था। मामा को इसकी जानकारी लग गई थी, जिसके बाद वह उसे जान से मारने की धमकी देता था। इसी डर और संबंधों में आ रही रुकावट के चलते मामा को रास्ते से हटाने की साजिश रची। एसपी शशांक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विश्राम की पत्नी ने मोबाइल से लोकेशन दी थी। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच में पुष्टि होने पर हत्या के मामले में आरोपी बनाया जाएगा। फिलहाल 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## आज 3 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनोखा तीर, हरदा।** 132 केवी हरदा उपकेंद्र पर बस बार में क्षतिग्रस्त आइसोलेटर एवं क्लैम्प बदलने के कार्य के कारण आज 18 अप्रैल सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। इस दौरान 33 केवी छोटी हरदा, रहटगांव, टिमरनी फीडर से जुड़े सभी उपकेंद्रों तथा संबंधित ग्रामों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना...

- जिले में 19 और 20 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के तहत जिले में 19 व 20 अप्रैल को सामूहिक विवाह व निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सामूहिक विवाह के लिए विशाल पंडाल व पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई है। इस दो दिवसीय आयोजन में क्षेत्र के कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार 19 अप्रैल को जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांवखुर्द में 135 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 43 जोड़े तथा जनपद पंचायत खिरकिया द्वारा ग्राम मांदला में 22 जोड़े का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 20 अप्रैल को जनपद पंचायत हरदा द्वारा अबगांवखुर्द में 29 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम तथा नगर पालिका परिषद खिरकिया द्वारा कृषि उपज मण्डी के पास खिरकिया में 20 जोड़ों का सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 35 वर्षीय युवक की जहर खाने से मौत



**अनोखा तीर, हरदा।** नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नहारकोलाखुर्द निवासी 35 वर्षीय राजेंद्र पिता बदामीलाल बकोरिया की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। गुरुवार रात करीब 10 बजे उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें गंभीर हालत में हरदा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह हरदा जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक राजेंद्र परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी, 12 साल का बेटा और 8 साल की बेटी हैं। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और घर की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। परिजनों के अनुसार, गुरुवार को उनके चाचा की बेटी की 19 अप्रैल को होने वाली शादी के चलते घर में माता पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान राजेंद्र गांव के पास नहर की ओर चले गए और वहां जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों ने परिवार को सूचना दी। इस घटना से शादी वाले घर में खुशियों की जगह मातम छा गया है। फिलहाल, उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# महर्षि कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम

## 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के प्रतिष्ठित महर्षि कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हरदा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। बोर्ड द्वारा जारी परिणामों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने मेहनत, अनुशासन और लगन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**कक्षा 12वीं में छात्राओं का दबदबा**

कक्षा 12वीं के परिणामों में प्रतिक्षा चौधरी ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सिद्धि चौहान ने 83.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं भूमिका सनवारे ने 82 प्रतिशतअंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में खुशी मसाने 79.6 प्रतिशत, साक्षी धोके 78 प्रतिशत खुशबू पवार 74.6 प्रतिशत, संजय चौधरी 73.4 प्रतिशत, अनुज गौर 72.8 प्रतिशत, रेहान खान 67.6 प्रतिशत, मनीष 63 प्रतिशत एवं पलक धोके 61.2 प्रतिशत शामिल रहे।

**कक्षा 10वीं में भी शानदार प्रदर्शन**

कक्षा 10वीं में ध्रुव अमकरे ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया कपूर ने 87.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं विनय राजपूत ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अंकिता झा 81.4 प्रतिशत, जाकिया खान 72.4 प्रतिशत, तन्वी खान 65.8 प्रतिशत, विनीत गौर 64.4 प्रतिशत, अहम शर्मा 63.2 प्रतिशत, हुजेब शाह 60.6 प्रतिशत एवं कुणाल चौहान 60.2 प्रतिशत ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य नवीन पांडे एवं समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि वे आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

# हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. गिरीश सिंहल एवं डॉ. अभिलाषा सिंहल, प्राचार्या सुश्री वंदना त्रिवेदी तथा उपप्राचार्य अब्दुल शकील ने विद्यार्थियों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) में छात्रा भूमि नागले ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्राची राजपूत 94.2 प्रतिशत, वैदेही बांके 93.6 प्रतिशत, आयुष मालवीय 91.8 प्रतिशत, भक्ति सोनी 90.4 प्रतिशत एवं दीपिका हरने 90.2 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। गणित संकाय में मोइनुद्दीन खान 85 प्रतिशत, माही वर्मा 83.2 प्रतिशत एवं भूमि बांके 82.6 प्रतिशत ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं आर्ट्स संकाय में सोनाली बिले 89.4 प्रतिशत, भूमिका परिहार 88.8 प्रतिशत एवं कुमुद श्याग 83 प्रतिशत ने श्रेष्ठ अंक अर्जित किए। कक्षा 10वीं में मरियम खान 94.2 प्रतिशत, अंश मिश्रा 94 प्रतिशत, अंशिका मिश्रा 92 प्रतिशत, राघव विश्वकर्मा 91.4 प्रतिशत, दीक्षा श्याग 89.2 प्रतिशत, शिखा राजपूत 87.6 प्रतिशत, वैष्णवी वर्मा 87.4 प्रतिशत, यश ढोल्या 85.6 प्रतिशत, सागर हरने 85.4 प्रतिशत, हेमंत विश्वकर्मा 83 प्रतिशत, अलाइका शेख 83 प्रतिशत एवं दिव्या शर्मा 82.6 प्रतिशत ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रश्नों को अच्छी तरह समझकर उत्तर लिखना सफलता की कुंजी है। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा सिंहल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और लगन के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्या सुश्री वंदना त्रिवेदी एवं उपप्राचार्य अब्दुल शकील ने भी सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




# असम सरकार की श्रद्धांजलि योजना

- देख पाएगी एक मां अपने बेटे का अंतिम बार चेहरा




**अनोखा तीर, हरदा।** हमारे यहां यदि किसी की मौत हो जाए तो शव वाहन मिलने तक के लाले पड़ जाते है। लेकिन असम सरकार की श्रद्धांजलि योजना के कारण सैकड़ो किलीमीटर दूर यदि किसी आसाम के व्यक्ति की मौत हो जाए तो सरकार उसके शव को उसके घर तक पहुंचाने तक का पूरी तरह जिम्मां उठाती है। भले ही सरकार को इसके लिए लाखों रुपए खर्च करना पड़ जाए, ऐसा ही एक मामला हरदा में सामने आया जिसमें आसाम की सरकार ने उस बेटे के शव को उसकी मां को अंतिम दर्शन कराने के लिए फ्लॉइट तक की व्यवस्था कर डाली। विगत 15 अप्रैल को स्थानीय हरदा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थितियों में आसाम के उदल गुडी जिले के तांगला में रहने वाले 33 वर्षीय युवक दिव्यज्योति का शव मिला था। जीआरपी पुलिस ने इसकी जानकारी युवक के परिजनों को दी तो आसाम सरकार ने तत्काल मृतक के भाई भूषण को फ्लॉइट से भोपाल तक पहुंचाया और हरदा तक पहुंचने की व्यवस्था की। यहां पर जिला चिकित्सालय में मृतक का पीएम कराया गया, हरदा के जिला चिकित्सालय में पहली बार डॉक्टरों ने युवक के शव को जो सढ़े-गले नहीं उसके लिए ऐम्बिंग केमिकल लगाकर संरक्षित किया और फ्लाइट में ले जाने हेतु निधारित मापदंडों के अनुसार ताबूत में सील कर उसे एंबुलेन्स के माध्यम से भोपाल पहुंचाया गया जहां से फ्लाइट के माध्यम से युवक का शव आसाम पहुंच पाएगा। मृतक युवक के बड़े भाई भूषणजीत ने बताया कि उसका भाई मां का लाडला था, मां ने जब से उसकी मौत की खबर सुनी तब से अन्न जल तक ग्रहण नहीं किया। आसाम सरकार की इस योजना के कारण मेरी मां अपने लाडले बेटे का अंतिम बार चेहरा देख पाएगी। हरदा चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. गंभीर पटेल ने बताया कि हरदा में ऐसा पहला मामला है जिसमें केमिकल लगाकर शव को संरक्षित कर फ्लाइट के माध्यम से बाहर पहुंचाया गया है। मृतक के परिजन परेशान ना हो सभी दस्तावेजों को तत्काल तैयार किए गए है।

## 44 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त, 8 प्रकरण बनाए

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के टंकी मोहल्ला हरदा, रन्हाईकला, गोंदागांव, छीपानेर व करताना में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 31 पाव देशी शराब, 23 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 380 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 44956 रूपये है।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**अनोखा तीर, हरदा।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर हरदा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 47 वार्ड नंबर 24 एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 6 वार्ड नंबर 2 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर रीना वराह द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का उद्देश्य बताते हुए महिला एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। हब फॉर वूमन एंपावरमेंट के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित स्वरोजगार योजनाओं एवं वन स्टॉप सेंटर के तहत उपलब्ध सेवाओं जैसे परामर्श सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पुलिस सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 एवं आपातकालीन सेवा 112 के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ उपस्थित रहा।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा आज भोपाल में करेगा धरना प्रदर्शन

**अनोखा तीर, हरदा।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला हरदा के सदस्य रामनिवास जाट ने बताया कि शासन के आमंत्रण पर प्रथम चरण की वार्ता स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से उनके निवास पर तथा दूसरे चरण की वार्ता आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह, संचालक के.के. द्विवेदी एवं संयुक्त संचालक धर्मेंद्र शर्मा के साथ लोक शिक्षण संचालनालय में की गई थी। इस दौरान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के आदेश को निरस्त करने तथा नवीन शिक्षण संवर्ग को सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग रखी। इन दोनों मांगों पर शासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। अतः प्रांतीय आह्वान पर 18 अप्रैल शनिवार को प्रस्तावित मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा एवं धरना-प्रदर्शन भेल दशहरा मैदान भोपाल में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के दो लाख शिक्षक शामिल होंगे। हरदा जिले से भी लगभग 2000 शिक्षक परिवार सहित शामिल होंगे और अपनी प्रमुख मांगों टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने तथा पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर आवाज उठाएंगे।

# एसडीएम ने गेहूं उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**अनोखा तीर, हरदा/खिरकिया।** अनुविभागीय अधिकारी खिरकिया शिवांगी बघेल द्वारा सिराली स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वेयरहाउस संचालक, खरीदी संस्था प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया कि गेहूं उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संचालित किया जाए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने किसानों के लिए समय पर तौल, उचित भंडारण एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं अभिलेखों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जांच के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रशांत सिंह कुशवाह एवं शाखा प्रबंधक सुल्तानपुर नरेंद्र मंडलोई उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने प्रस्तावित हरदा बायपास का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को हरदा नगर में इन्दौर मार्ग से खण्डवा मार्ग तक प्रस्तावित बायपास सड़क के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन की सभी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए।